दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-32 अंक-110 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) शनिवार 06 जून 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## मणिपुर में फिर हिंसा की आगः उग्रवादी हमले में तीन ग्रामीणों की मौत, घर जलाए



इंफाल,(ए.)। मणिपुर में जारी जातीय संघर्ष और अस्थिरता के बीच शुक्रवार सुबह फिर हिंसा की बड़ी घटना सामने आई है। कांगपोकपी जिले के लोइबोल खुल्लेन गांव में हुए संदिग्ध उग्रवादी हमले में तीन ग्रामीणों की मौत हो गई, जबकि सात मकानों को आग के हवाले किया गया। घटना ने राज्य में पहले से मौजूद तनाव को और बढ़ा दिया है। इस हमले की जानकारी कुकी समुदाय के शीर्ष संगठन कुकी इनपी मणिपुर (केआईएम) ने दी है। केआईएम के अनुसार, शुक्रवार सुबह करीब चार बजे भारी हथियारों से लैस उग्रवादियों का एक समूह गांव में घुस आया और हमला शुरू कर दिया। संगठन ने आरोप लगाया है कि हमले को एनएससीएन-आईएम और उससे जुड़े प्रॉक्सी संगठन जेडयूएफ (के) के कैडरों ने अंजाम दिया। हमले के दौरान कई घरों को निशाना बनाया गया, जिससे सात मकान पूरी तरह जला दिए गए। इसके अलावा ग्रामीणों की अन्य संपत्तियों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। कुकी स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन (केएसओ), साउथ वेस्ट सदर हिल्स ने मृतकों की पहचान की पुष्टि की है। हमले में मरने वालों में 34 वर्षीय लेतखोंगम हाओकिप, उनकी 30 वर्षीय पत्नी तिनमेरी हाओकिप और 34 वर्षीय जांगमिनलाल हाओकिप शामिल हैं। तीनों लोइबोल खुल्लेन गांव के निवासी थे। लोकल संगठनों का दावा है कि हमले के समय ग्रामीण अपने घरों में सो रहे थे, जिससे उन्हें बचने का मौका नहीं मिला।

हालांकि इस घटना को लेकर अभी तक पुलिस या सुरक्षा एजेंसियों की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं हुआ है। इसतरह हमले की परिस्थितियों और आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि का इंतजार किया जा रहा है। फिर भी घटना ने इलाके में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है। उधर, मणिपुर में छह नागा नागरिकों के कथित अपहरण का मामला भी लगातार गर्मा होता जा रहा है। विभिन्न सामाजिक और छात्र संगठनों ने उनकी सुरक्षित रिहाई की मांग को लेकर आंदोलन तेज किया है। ऑल नागा स्टूडेंट्स एसोसिएशन, मणिपुर (एएनएसएएम) ने राज्य सरकार से अपहृत लोगों को जल्द से जल्द उनके परिवारों तक सुरक्षित पहुंचाने की मांग की है।

## पटियाला में बिजली बोर्ड दफ्तर के बाहर प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर पंजाब पुलिस का लाठीचार्ज

पटियाला, (आरएनएस)। पंजाब के पटियाला में शुक्रवार को पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन (पीएसपीसीएल) के मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। आईटीआई यूनियन के 2,600 प्रदर्शकारी युवाओं ने पिछले दिनों से मुख्य गेट और पास की सड़क को विरोध-प्रदर्शन के चलते बाधित कर रखा था, जिसे खुलवाने के लिए पुलिस ने सख्ती बरती। इस दौरान सड़क पर बैठे युवाओं को लाठियों से पीटकर मौके से खदेड़ा गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रदर्शकारी युवाओं ने शुक्रवार को मुख्यालय के एक दूसरे प्रवेश द्वार को बंद कर दिया था, जिससे कार्यालय का कामकाज प्रभावित हो रहा था।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने त्रिपुरा में लंकामुरा बॉर्डर आउटपोस्ट पर बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के अत्याधुनिक हथियारों और उपकरणों का निरीक्षण किया।

## युगांडा से राजस्थान पहुंची महिला पर्यटक में इबोला वायरस के दिखे लक्षण, अस्पताल में किया भर्ती



जयपुर, (आरएनएस)। अफ्रीकी देशों में फैला इबोला वायरस राजस्थान की राजधानी जयपुर तक पहुंच गया है। यहां युगांडा से आई महिला पर्यटक के अंदर संक्रमण के लक्षण मिले हैं, जिसके बाद उन्हें निगरानी में रखा गया है। युगांडा की 19 वर्षीय महिला 5 जून को एयर अरबिया विमान से जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 पर उतरी थीं। उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह से उड़ान भरी थी। हवाई अड्डे पर अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की नियमित स्क्रीनिंग के दौरान मामला सामने आया।

महिला पर्यटक में इबोला के लक्षण मिलने पर स्वास्थ्य अधिकारियों ने उन्हें जयपुर के आरयूएचएस अस्पताल में भर्ती कराया है। महिला विशेष आइसोलेशन वार्ड में हैं। अस्पताल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग उनके स्वास्थ्य पर लगातार नजर रखे है। महिला के नमूने जांच के लिए पुणे स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी प्रयोगशाला भेजे गए हैं, जिसकी रिपोर्ट का इंतजार है। अस्पताल में आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है।

इबोला वायरस के संदिग्ध प्रवेश को देखते हुए राजस्थान में चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी किया है। विभाग ने सभी सरकारी और निजी अस्पतालों को सतर्क रहने और हवाई अड्डे पर विदेशी खासकर अफ्रीकी देशों से आने वाले यात्रियों की स्क्रीनिंग के निर्देश दिए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 15 मई को इबोला प्रकोप को अंतरराष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात घोषित किया था। यह युगांडा और कांगो में काफी प्रसार कर चुका है।

## सुप्रीम कोर्ट का तलाक पर बड़ा फैसला, 15 साल की दूरी को माना 'मानसिक क्रूरता'

नई दिल्ली(आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने हिंदू मैरिज एक्ट के तहत तलाक को लेकर एक बेहद अहम फैसला सुनाया है। सर्वोच्च अदालत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अगर पति-पत्नी लंबे समय तक एक-दूसरे से अलग



रहते हैं और उनके बीच रिश्ते को दोबारा सुधारने की कोई भी वास्तविक कोशिश नहीं की जाती है, तो इसे 'मानसिक क्रूरता' माना जाएगा और यह तलाक का एक वैध आधार होगा। अदालत ने इस टिप्पणी के साथ एक ऐसे जोड़े के तलाक को अपनी मंजूरी दे दी है, जो शादी के बाद मुश्किल से दो-तीन महीने ही साथ रहे और पिछले 15 सालों से अलग रह रहे थे। कोर्ट ने साफ कहा कि जब रिश्ता असल में खत्म हो चुका हो, तो शादी को सिर्फ एक कानूनी औपचारिकता के तौर पर जिंदा नहीं रखा जा सकता।यह पूरा मामला दो सरकारी डॉक्टरों से जुड़ा है, जिनकी शादी 5 दिसंबर 2007 को गुजरात के नडियाद खेड़ा में हुई थी। इस शादी से उनकी कोई संतान नहीं हुई।

## मध्यप्रदेश में प्री-मानसून की एंट्री

### 45 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट; अगले 4 दिन मौसम रहेगा सुहाना



भोपाल(आरएनएस)। मध्यप्रदेश में प्री-मानसून ने जोरदार दस्तक दे दी है। प्रदेश के आधे हिस्से में तेज आंधी और बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने आज भी प्रदेश के 45 जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। कई इलाकों में 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है।राजधानी भोपाल में गुरुवार को मौसम ने अचानक करवट ली। यहां करीब 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चली और कई क्षेत्रों में बारिश हुई। तेज हवाओं के कारण शहर में करीब 80 पेड़ और उनकी टहनियां गिर गईं, जिससे कई सड़कों पर यातायात प्रभावित हुआ और ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई।आंधी और बारिश का असर बिजली व्यवस्था पर भी देखने को मिला। पेड़ गिरने और बिजली लाइनों को नुकसान पहुंचने से शहर के कई इलाकों में घंटों तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। बिजली विभाग की टीमें आपूर्ति बहाल करने में जुटी रहीं। वहीं, सीहोर जिले के इछावर क्षेत्र में भी झमाझम बारिश दर्ज की गई। बारिश और ठंडी हवाओं से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली और मौसम खुशनुमा हो गया।

## खान सर के खिलाफ हत्या की कोशिश और आर्म्स का मामला दर्ज

पटना,(ए.)। पटना में खान सर की कोचिंग पर हुए हमले और तोड़फोड़ में अब नया मोड़ आ गया है कदमकुआं थाने में फैसल खान उर्फ खान सर के खिलाफ हत्या की कोशिश और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। खान सर के गाड्र्स ने पुलिस को बयान दिया है कि उन्होंने हमें कहा तुम गोली चलाओ बाकी हम देख लेंगे। इसी आधार पर पुलिस ने खान सर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। खान सर पर धारा 109 के तहत ये मामला दर्ज किया गया है। इसमें 10 साल तक की जेल और जुर्माने का प्रावधान है। इसमें अग्रिम जमानत भी नहीं मिल सकती है। एफआईआर के बाद खान की कोचिंग पर उनके वकील पहुंचे। इधर, लॉ-एंड-ऑर्डर को लेकर आईजी ऑफिस में पुलिस की हाई लेवल मीटिंग चल रही है। पुलिस ने छात्रों से अपील की है कि वह किसी कोचिंग सेंटर के बहकावे में ना आएं। हालांकि खान सर ने कहा कि एफआईआर की जानकारी मुझे नहीं हैं। मैं जांच में पूरा सहयोग करूंगा। उन्होंने कहा कि सेल्फ डिफेंस में गाड्र्स ने फायरिंग की है। उनकी एजेंसी इस बात को देखेगी।

## दो बसों में आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत, मासूम समेत 5 की मौत; केबिन तोड़कर निकाले गए यात्री

रायसेन (आरएनएस)। रायसेन-भोपाल नेशनल हाईवे पर सेहतगंज फैक्ट्री के पास एक पेट्रोल पंप के नजदीक दो तेज रफ्तार यात्री बसें आपस में आमने-सामने सीधे टकरा गईं। यह भीषण टक्कर सागर से भोपाल जा रही 'शक्ति ट्रैवल्स' और भोपाल से सागर लौट रही 'कल्पना ट्रैवल्स' की बसों के बीच हुई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पलभर में पूरा हाईवे चीख-पुकार से गूंज उठा। इस भयानक हादसे में एक मासूम बच्चे और एक महिला समेत पांच लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 35 अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं। कई घायलों की हालत बेहद नाजुक होने के कारण मृतकों का आंकड़ा और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

### सिंगल लेन पर ओवरटेक के चक्कर में हुआ हादसा, पिचक गए दोनों बसों के केबिन

प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, दोनों ही बसें बेहद तेज रफ्तार में दौड़ रही थीं। रायसेन से गैरतगंज के बीच का यह पूरा हिस्सा सिंगल लेन सड़क है। इसी सिंगल लेन पर हैवी ट्रैफिक के बीच एक



बस के चालक ने आगे निकलने (ओवरटेक) का प्रयास किया, जिससे दोनों चालकों का अपनी-अपनी गाड़ियों से नियंत्रण बिगड़ गया और बसें सीधे एक-दूसरे में जा घुसीं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बसों के अगले केबिन पूरी तरह पिचक गए और खिड़कियों के पास बैठे यात्री इसकी सीधी चपेट में आकर लहूलुहान हो गए।

### ग्रामीणों ने शीशे तोड़कर बचाई जान, कलेक्टर और एसपी ने खुद संभाला मोर्चा

हादसे के बाद हुए धमाके जैसी आवाज को सुनकर आसपास के ग्रामीण और पेट्रोल पंप के कर्मचारी तुरंत मदद के लिए दौड़े। लोगों ने बसों के शीशे तोड़कर अंदर फंसे यात्रियों को बाहर निकालना शुरू किया। सूचना मिलते ही गैरतगंज थाना पुलिस, डायल-100 और 108 एंबुलेंस की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा और पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने खुद घटनास्थल पर पहुंचकर मोर्चा संभाला। सभी घायलों को तुरंत गैरतगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां से 12 गंभीर रूप से घायल यात्रियों को बेहतर इलाज के लिए भोपाल के हमीदिया अस्पताल रेफर किया गया है। हादसे के कारण हाईवे पर करीब डेढ़ घंटे तक लंबा जाम लगा रहा, जिसे बाद में क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त बसों को हटाकर खुलवाया गया।'




## कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया

बेंगलुरु,(आरएनएस)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को कर्नाटक से राज्यसभा चुनाव के लिए पार्टी उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया.'विधान सौध' में उनके नामांकन दाखिल किए जाने के समय लोकसभा में नेता



प्रतिपक्ष राहुल गांधी के अलावा कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, पूर्व सीएम सिद्धारमैया, कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला और केसी वेणुगोपाल और राज्य सरकार के कई मंत्री उपस्थित थे.

अधिकारियों के मुताबिक खड़गे ने नामांकन पत्र विधानसभा सचिव एमके विशालाक्षी को सौंपे. खड़गे इस समय राज्यसभा में विपक्ष के नेता हैं और संसद के उच्च सदन में उनका कार्यकाल 25 जून को समाप्त हो रहा है।

कांग्रेस ने कर्नाटक से राज्यसभा चुनाव के लिए खड़गे के अलावा पवन खेड़ा और मंसूर अली खान को उम्मीदवार बनाया है. पवन खेड़ा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया और प्रचार विभाग के प्रमुख हैं।

वहीं मंसूर अली खान वर्तमान में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव हैं. खान ने 2024 का लोकसभा चुनाव बेंगलुरु सेंट्रल निर्वाचन क्षेत्र से लड़ा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था. कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि पवन खेड़ा और मंसूर अली खान बाद में नामांकन पत्र दाखिल करेंगे. बता दें कि राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि आठ जून है. बता दें कि हाल ही में कांग्रेस नेतृत्व ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के स्थान पर डीके शिवकुमार को दायित्व सौंपा है।

## अन्नामलाई ने किया नई पार्टी बनाने का ऐलान, बोले- भाजपा से राय मेल नहीं खाती थी

नई दिल्ली(आरएनएस)। तमिलनाडु भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई ने नई पार्टी बनाने का ऐलान किया है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, हम एक नया राजनीतिक आंदोलन शुरू करने जा रहे हैं। बता दें कि आज ही अन्नामलाई ने भाजपा छोड़ी थी। उन्होंने भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन को इस्तीफा सौंपा था, जिसे मंजूर भी कर लिया गया। अन्नामलाई 7 जून को अपने समर्थकों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद आगे की रणनीति का ऐलान कर सकते हैं।

अन्नामलाई ने कहा कि वह एक स्वतंत्र राजनीतिक रास्ता अपनाएंगे और तमिलनाडु की राजनीति में एक नई राह बनाने के लिए अकेले संघर्ष करेंगे। उन्होंने कहा, तमिलनाडु को लेकर मेरी राय भाजपा नेतृत्व की राय से मेल नहीं खाती थी। मतभेदों को दूर करने के लिए मैंने पिछले 18 महीनों में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ कई बार बातचीत की थी। अन्नामलाई ने दावा किया कि रजनीकांत ने उनसे साथ मिलकर काम करने का आग्रह किया था।

## अमरनाथ यात्रा 2026: श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए लॉन्च हुआ 'पहचान ऐप', अब फर्जीवाड़ा करने वालों की खैर नहीं

अनंतनाग (आरएनएस)। अमरनाथ यात्रा 2026 पर जाने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए सुरक्षा के लिहाज से एक बेहद राहत भरी खबर सामने आई है। इस साल की पवित्र यात्रा शुरू होने से ठीक पहले जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले की पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। पुलिस ने 'पहचान ऐप' (Pehchan App) नाम का एक अनूठा डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है। यह एक क्यूआर (QR) कोड आधारित मोबाइल ऐप है, जिसका मुख्य उद्देश्य यात्रा मार्ग और प्रमुख पर्यटन स्थलों पर तैनात सेवा प्रदाताओं (Service Providers) को पंजीकृत और सत्यापित (Verify) करना है। इस तकनीकी पहल का मकसद बाबा बर्फानी के दर्शनों के लिए आने वाले तीर्थयात्रियों को एक सुरक्षित माहौल देना और फर्जी पहचान पत्र के सहारे छिपे संदिग्ध लोगों पर पैनी नजर रखना है।




### क्या है पहचान ऐप और कैसे करेगा काम ?

अनंतनाग पुलिस द्वारा तैयार किया गया यह 'पहचान ऐप' अमरनाथ यात्रा मार्ग, बेस कैंपों और आसपास के पर्यटन स्थलों पर टेंट, घोड़े-खच्चर, पालकी और अन्य जरूरी सेवाएं देने वाले स्थानीय लोगों की पहचान को पूरी तरह से डिजिटल तरीके से रिकॉर्ड करेगा। ऐप के जरिए प्रत्येक रजिस्टर्ड सेवा प्रदाता को एक यूनिक क्यूआर कोड अलॉट किया जाएगा।यात्रा मार्ग पर तैनात सुरक्षाकर्मी और पुलिस बल मौके पर ही इस क्यूआर कोड को स्कैन करके किसी भी व्यक्ति की प्रामाणिकता और उसके पुराने रिकॉर्ड का वेरिफिकेशन तुरंत कर सकेंगे। इस डिजिटल ट्रैकिंग से सुरक्षा एजेंसियों के लिए यह पता लगाना बेहद आसान हो जाएगा कि यात्रा मार्ग पर कौन सा व्यक्ति अधिकृत है और कौन अवैध रूप से घूम रहा है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरु गोलवलकर की पुण्यतिथि पर किया नमन

भोपाल(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक डॉ. माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर 'गुरुजी' की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि गुरूजी ने अपना पूरा जीवन राष्ट्र के सांस्कृतिक गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा और सामाजिक समरसता लाने में समर्पित कर दिया। डॉ. गोलवलकर ने असंख्य युवाओं को मां भारती की सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ाया। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व हम सभी के लिए प्रेरणा का अक्षय स्रोत है।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मुख्य सचिव जैन ने लगाया नीम का पेड़

भोपाल(आरएनएस)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मुख्य सचिव अनुराग जैन ने शुक्रवार को मंत्रालय वल्लभ भवन परिसर में नीम का पेड़ लगाया। मुख्य सचिव जैन ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को पर्यावरण दिवस की बधाई देते हुए पर्यावरण की रक्षा और अधिक संख्या में पौधे लगाने की अपील की। अपर मुख्य सचिव शिव शेखर शुक्ला ने भी आंवले का पौधा लगाया। इस अवसर पर मंत्रालय के कई अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी पौधरोपण किया।

## लोक भवन में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

भोपाल (आरएनएस)। राज्यपाल मंगुभाई पटेल के निर्देशानुसार 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लोकभवन में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। लोकभवन के अधिकारियों ने विभिन्न किस्मों के 22 पौधे लगाए। लोक भवन परिसर में लगाए गए पौधों में सजावटी, सुगंधित, फलदार और छायादार पौधे शामिल है।राज्यपाल के उप सचिव सुनील दुबे ने 'बॉटल पॉम' का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राज्यपाल के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी अरविंद पुरोहित, अवर सचिव आभा शुक्ला, सहायक सत्कार अधिकारी सृष्टि श्रीवास्तव सहित लोकभवन के अन्य अधिकारी-कर्मचारियों ने लोक भवन के उद्यान में पौधे लगाए।

## स्वच्छ और स्वस्थ भारत की दिशा में बड़ी पहलः पीएमएवाई-जी के तहत अब गाँवों में बनेंगे पर्यावरण अनुकूल ग्रीन हाउस

भोपाल (आरएनएस)। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण को भविष्योन्मुखी बनाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार हरित आवास तकनीक का उपयोग करने जा रही है। इस नवाचार से स्वच्छ और स्वस्थ भारत के संकल्प को बल मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे आवास बनाए जाएंगे, जो स्थानीय संस्कृति और भू-जलवायु परिस्थितियों के पूरी तरह अनुकूल होंगे। हरित आवासों के माध्यम से जहाँ एक ओर प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण होगा, वहीं दूसरी ओर स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। इन आवासों के ज़रिए सौर ऊर्जा जैसी नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा मिलने के साथ संसाधनों की रीसाइकलिंग भी हो सकेगी।भवन निर्माण में हरित तकनीक को बढ़ावा देने के लिए 'कंप्रेस्ड स्टेबलाइज्ड अर्थ ब्लॉक्स' के उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। महात्मा गांधी ग्रामीण विकास एवं पंचायतराज प्रशिक्षण संस्थान जबलपुर के साथ क्षेत्रीय केंद्रों - जैसे भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन, सिवनी तथा नौगाँव-में सीएसईबी ब्लॉक बनाने वाली मशीनों की स्थापना की गई है। इन संस्थानों में राजमिस्त्रियों, जनपद अधिकारियों और कर्मचारियों को निरंतर प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे इन ब्लॉक्स से प्रोटोटाइप निर्माण कर सकें। भोपाल और इंदौर के केंद्रों द्वारा उक्त ब्लॉक्स से प्रोटोटाइप निर्माण भी किया जा चुका है।

# प्रकृति मित्र बनकर धरती माता का आंगन हरा-भरा रखने के लिए लगायें पेड़ : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### -किसान हित में वर्ष का अंत 31 मार्च के बजाय 31 मई तक, ताकि किसान न हो पायें लोन डिफॉल्टर
### -मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक पेड़ माँ के नाम अंतर्गत अपेक्स बैंक परिसर में लगाया आम का पौधा




भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विश्व पर्यावरण दिवस हमें भविष्य के लिए सचेत हो जाने का संकेत देता है। यह दिवस याद दिलाता है कि हमें अपना और अपनी पीढ़ियों के भविष्य को बचाये रखने के लिये पेड़ लगाने होंगे, पानी बचाना होगा, प्रदूषण कम करना होगा, तभी हमारी यह धरती बची रहेगी। उन्होंने कहा कि हमें प्रकृति का मित्र बनना होगा। हम यदि आज नहीं संभले तो जलवायु परिवर्तन से हमारे अस्तित्व पर संकट का खतरा मंडराने लगेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक) परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी से कहा कि अपनी धरती माता का आंगन स्वच्छ एवं हरा-भरा रखने के लिए हम सब कम से कम एक-एक पेड़ अवश्य लगायें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपेक्स बैंक परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान अंतर्गत आम का पौधा भी रोपा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'बिना सहकार, नहीं उद्धार' का नारा उदघोष करते हुए कहा कि हम प्रदेश में सहकारिता से समृद्धि लाने के लिए प्रयासरत है। दूध का उत्पादन बढ़ाकर हम किसानों, पशुपालकों का जीवन सँवारेंगे और मध्यप्रदेश को देश की 'मिल्क कैपिटल'' बनायेंगे। अपेक्स बैंक द्वारा प्रदेशव्यापी हरित सहकार अभियान चलाया जा रहा है। इसमें 'एक पेड़ माँ के नाम' के तहत अपेक्स बैंक मुख्यालय सहित प्रदेश के सभी जिला सहकारी बैंक एवं प्रत्येक प्राथमिक साख सहकारी समिति (पेक्स) में सघन पौधरोपण महाभियान चलाया जा रहा है। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर शुक्रवार को अपेक्स बैंक के नेतृत्व में प्रदेश भर में एक साथ 1 लाख पौधे लगाये गये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में सरकार के एक विशेष प्रावधान के बारे में कहा कि अगर प्राथमिक सहकारी समिति (पेक्स) में कोई अधिकारी-कर्मचारी गड़बड़ी करेगा, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। समिति के सदस्य किसानों पर इसका कोई असर नहीं पड़ने दिया जाएगा। सोसाइटी पर नहीं दोषी व्यक्ति पर कार्रवाई होगी। वह सोसायटी पहले की तरह संचालित रहे, इसके लिए सभी तरह के प्रबंध किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों के हित में हमारा प्रयास है कि वर्ष का अंत (फसल ऋण आदि लेने की अवधि) 31 मार्च से बढ़ाकर 31 मई तक कर दी जायेगी, ताकि किसान लोन डिफाल्टर न हो पायें और अपना सालाना टर्न ओवर पूरा कर सकें। उन्होंने कहा कि किसानों की समृद्धि के लिए राज्य सरकार हर स्तर पर प्रयास कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में 12 साल पूरे कर लिए हैं। उनके नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 'सुशासन से लोक कल्याण' का 13वां साल शुरू हो चुका है। इसी उपलक्ष्य में हमने 'एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान' शुरू किया है। उन्होंने कहा कि 5 जून (विश्व पर्यावरण दिवस) से 21 जून (विश्व योग दिवस) तक पूरे एक पखवाड़े के दौरान प्रदेश की सभी सहकारी समितियों के माध्यम से एक लाख पौधे रोपित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश 'मिल्क कैपिटल'' बनने की दिशा में कदम बढ़ा चुका है। प्रदेश के किसान दूध उत्पादन में अपनी समृद्धि का मार्ग खोज रहे हैं। दूध उत्पादन से किसानों का आय में वृद्धि हुई है। राज्य सरकार ने प्रदेश में दूध का उत्पादन 8 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने बताया कि सरकार के प्रयासों का प्रतिफल सामने आने लगा है। मध्यप्रदेश में इन दिनों दूध का प्रतिदिन संकलन 13 लाख लीटर बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि गुजरात के आणंद मिल्क यूनियन लिमिटेड (अमूल) ने सहकारिता के मंत्र से किसानों को समृद्ध किया। अमूल ने पारम्परिक दुग्ध उत्पादन से इतर समृद्धि का एक नया मॉडल दुनिया को दिया। हमारी सरकार भी सांची दुग्ध उपक्रम से दूध उत्पादन को प्रोत्साहित कर रही है। प्रदेश में कभी दूध-दही की नदियाँ बहती थीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्राकृतिक खेती में गौमाता का विशेष महत्व है। हम गौ संरक्षण और उन्नत गौवंश के पालन को प्रोत्साहित कर रहे है। हमारी सरकार उद्यानिकी फसलों के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने के लिए भी सभी जरूरी सहायता प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि गन्ना उत्पादक किसानों को लाभ देने के लिए शिवपुरी जिले के कोलारस कस्बे में जल्द ही शुगर फैक्ट्री स्थापित की जायेगी।

## अन्ना नगर की सिंदूर वाटिका में मंत्री श्री सारंग ने किया पौध-रोपण

### प्रधानमंत्री श्री मोदी ने दी पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन को नई दिशा : मंत्री श्री सारंग




भोपाल (ए.)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सहकारिता, खेल और युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने शुक्रवार को नरेला विधानसभा क्षेत्र के अन्ना नगर स्थित सिंदूर वाटिका में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौध-रोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्द्धन का संकल्प लिया। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री सारंग ने उपस्थित नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। मंत्री श्री सारंग कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन को नई दिशा मिली है। आगे उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक पेड़ माँ के नाम अभियान पर्यावरण के संरक्षण और अपने माँ के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का जन-जन का संकल्प बन चुका है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण वर्तमान समय की सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक आवश्यकता है, जो पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य प्रदान करता है। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, नागरिक एवं पर्यावरण प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मीडिया से चर्चा करते हुए मंत्री श्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण, संवर्धन और उसके सतत विकास और जनभागीदारी को नई दिशा मिली है। उनके नेतृत्व में भारत ने विकास और कल्याण के नए आयाम स्थापित किए हैं तथा वैश्विक स्तर पर अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है।

## सुप्रीम कोर्ट ने की अंतर्राष्ट्रीय बाघ अवयव तस्करी के आरोपी की ट्रांसफर याचिका खारिज

भोपाल(आरएनएस)। सर्वोच्च न्यायालय ने मध्यप्रदेश में बाघों के अवैध शिकार एवं उनके अवयवों की अंतर्राष्ट्रीय तस्करी के आरोपी जामखानकाप निवासी थुम्पुई, जिला आइजोल (मिजोरम) की ट्रांसफर याचिका को खारिज कर दिया है। बाघ अवयवों की तस्करी से जुड़े अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क के विरुद्ध चल रही कार्रवाई की श्रृंखला में सर्वोच्च न्यायलय की यह कार्यवाही स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स की महत्वपूर्ण सफलता है। वन विभाग के अधिकारियों ने इसे वन्यजीव अपराधों के प्रभावी अभियोजन की दिशा में बड़ी सफलता बताया है। उल्लेखनीय है कि आरोपी एक वर्ष से अधिक समय से न्यायिक अभिरक्षा में है तथा मामले की विवेचना अभी जारी है।बालाघाट में बाघ का शिकार कर उसकी खाल एवं हड्डियों को अवैध रूप से खरीदकर असम और मिजोरम में बेचने तथा म्यांमार के रास्ते चीन तक तस्करी करने वाले संगठित गिरोह के विरुद्ध स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में हरियाणा निवासी आरोपी सोनू सिंह बावरिया को गिरफ्तार कर वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया है इस प्रकरण में अब तक 6 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। प्रकरण की विवेचना अभी जारी है।विवेचना में उजागर हुआ कि आरोपी जामखानकाप भी बाघ के अवयवों की खरीद-फरोख्त में शामिल था। आरोप है कि वह हवाला माध्यम से इसके बदले प्राप्त धनराशि भारत में पहुंचाने का कार्य करता था। आरोपी के विरुद्ध महाराष्ट्र के राजुरा वनमंडल में भी बाघ शिकार से संबंधित प्रकरण दर्ज है। इसके अलावा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उसके विरुद्ध मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में भी जांच की जा रही है।आरोपी जामखानकाप ने मध्यप्रदेश में चल रहे प्रकरण को महाराष्ट्र के चंद्रपुर न्यायालय में स्थानांतरित करने की मांग करते हुए सर्वोच्च न्यायालय में ट्रांसफर पिटीशन (क्रिमिनल) दायर की थी। स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स द्वारा तैयार जवाब-दावा के आधार पर सर्वोच्च न्यायालय की पांच सदस्यीय पीठ ने मामले की सुनवाई की। न्यायालय ने यह माना कि दोनों प्रकरण अलग-अलग हैं तथा बाघों की अंतर्राष्ट्रीय तस्करी जैसे गंभीर विषय को दृष्टिगत रखते हुए याचिका को खारिज कर दिया।

## वृक्ष धरती को केवल हरियाली नहीं देता, बल्कि मानवता को जीवन, ऊर्जा और भविष्य प्रदान करता है : उप मुख्यमंत्री देवड़ा

भोपाल (आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि वृक्ष धरती को केवल हरियाली नहीं देता, बल्कि मानवता को जीवन, ऊर्जा और भविष्य प्रदान करता है। उन्होंनेविश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत भोपाल के महाराणा प्रताप मंडल में आरोग्य वाटिका में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहभागिता कर पौध-रोपण किया।उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा प्रकृति केवल हमारे जीवन का आधार नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की भी सबसे बड़ी पूंजी है। जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय चुनौतियों के इस दौर में प्रत्येक नागरिक का यह दायित्व है कि वह प्रकृति संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए। एक पौधा लगाना केवल वृक्षारोपण नहीं, बल्कि स्वच्छ वायु, जल संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन और हरित भविष्य के निर्माण का संकल्प है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणादायी संकल्प 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान से जुड़कर हम न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं, बल्कि अपनी मातृशक्ति के प्रति सम्मान और कृतज्ञता भी व्यक्त कर रहे हैं।

## अमरकंटक चचाई थर्मल पॉवर स्टेशन ने 609 दिनों तक बिजली उत्पादन का बनाया रिकार्ड

भोपाल(आरएनएस)। राज्य क्षेत्र के थर्मल पॉवर स्टेशनों में एक नया इतिहास रचते हुए, मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी की अमरकंटक ताप



विद्युत गृह चचाई (ATPS) की 210 मेगावॉट (M W) क्षमता वाली यूनिट नंबर 5 ने लगातार 609 दिनों तक निर्बाध रूप से क्रियाशील रहकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह शानदार सफर 1 अक्टूबर 2024 से शुरू होकर 2 जून 2026 तक करीब पौने दो साल तक बिना रुके जारी रहा, जो राज्य क्षेत्र (State Sector) की किसी भी थर्मल यूनिट के लिए अब तक का सबसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। दो जून को अचानक आई एक तकनीकी विद्युत खराबी (Electric Fault) के कारण इस यूनिट को रोकना पड़ा, जिससे यह अद्भुत सफर थम गया। इस ऐतिहासिक परिचालन अवधि के दौरान प्लांट के कार्यकुशलता सूचकांक (Performance Indices) भी बेहद उत्कृष्ट रहे, जो यूनिट की बेहतरीन तकनीकी देखरेख और परिचालन क्षमता को दर्शाते हैं।मजबूत परफॉर्मेंस: आंकड़ों में देखें यूनिट का दमदार प्रदर्शन-इस मैराथन रन के दौरान प्लांट के कार्यकुशलता सूचकांक (Performance Indices) बेहद बेमिसाल रहे।

# भोपाल में कोलार पाइपलाइन की मरम्मत पूरी, 75 से अधिक इलाकों में बहाल होगी जलापूर्ति

भोपाल, (निप्र.)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में पिछले तीन दिनों से जारी जल संकट के बीच कोलार जलप्रदाय लाइन की मरम्मत पूरी कर ली गई है। शुक्रवार सुबह से प्रभावित इलाकों में पानी की आपूर्ति बहाल कर दी गई है। नगर निगम ने राहत देते हुए फिलहाल टंकियां भरने की प्रक्रिया रोककर सीधे फिल्टर प्लांट से सप्लाई शुरू की, ताकि लोगों तक जल्द पानी पहुंच सके।कोलार प्रोजेक्ट की मुख्य 1650 एमएम ग्रेविटी पाइपलाइन में बांसखेड़ी के पास लीकेज के कारण शहर के लगभग 40 प्रतिशत, यानी 10 लाख से अधिक लोग प्रभावित हो गए थे। नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने बताया कि शुक्रवार सुबह 6 बजे से कोलार फिल्टर प्लांट से सीधे जलापूर्ति शुरू कर दी गई। पहले टंकियां भरने की बजाय डायरेक्ट सप्लाई का निर्णय इसलिए लिया गया ताकि प्रभावित क्षेत्रों तक पानी तेजी से पहुंच सके।अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग के अनुसार, बांसखेड़ी में क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत गुरुवार रात 9 बजे तक पूरी कर ली गई थी। इसके बाद रात में ही पंप शुरू कर दिए गए थे। जलापूर्ति बहाल होने के बाद चार इमली, शिवाजी नगर,



तुलसी नगर, अरेरा कॉलोनी, ई-1 से ई-7, नारियलखेड़ा, टीला जमालपुरा, इब्राहिमपुरा, जवाहर चौक सहित लगभग 75 से अधिक इलाकों में पानी की सप्लाई शुरू कर दी गई है। शेष क्षेत्रों में भी चरणबद्ध तरीके से जलापूर्ति की जा रही है।

### 68 टंकियां बाद में भरी जाएंगी

निगम के अनुसार भोपाल में कोलार, नर्मदा, केरवा और बड़ा तालाब आधारित कुल 173 टंकियां हैं। सामान्य व्यवस्था में पहले टंकियां भरी जाती हैं, लेकिन इस बार आपात स्थिति के चलते सीधे सप्लाई की गई। अब स्थिति सामान्य होने के बाद कोलार सिस्टम की 68 टंकियों को फिर से भरा जाएगा, ताकि शनिवार से नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

### तीन दिन तक टैंकरों पर निर्भर रहे लोग

लीकेज के कारण पिछले तीन दिनों से शहर के कई इलाकों में जलापूर्ति पूरी तरह ठप रही। इस दौरान लोगों को टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ा। कई क्षेत्रों में पानी की भारी किल्लत देखने को मिली और नागरिकों को निजी टैंकरों से पानी खरीदना पड़ा। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि जहां टैंकर का सामान्य किराया करीब 300 रुपये है, वहीं संकट के दौरान 1000 से 1200 रुपये तक वसूली की गई।



**कौशल विकास और रोजगार राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) गौतम टेटवाल ने पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण करने आए प्रशिक्षणार्थियों से संवाद किया**

## 15 जून को अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठजन दुर्व्यवहार रोकथाम जागरुकता दिवस का होगा आयोजन

भोपाल (आरएनएस)। वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों, गरिमा, सुरक्षा एवं कल्याण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेशभर में 15 जून को अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठजन दुर्व्यवहार रोकथाम जागरूकता दिवस मनाया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संचालनालय ने इस संबंध में सभी जिलों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। दिवस के अवसर पर वृद्धाश्रमों, डे-केयर केंद्रों, शैक्षणिक संस्थानों तथा अन्य उपयुक्त स्थलों पर विविध जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें संगोष्ठी, परिचर्चा, जागरूकता रैली, प्रभात फेरी, नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण तथा वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह शामिल हैं। युवाओं और वरिष्ठजनों के मध्य संवाद को बढ़ावा देने के लिए अंतर-पीढ़ी संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। विभाग ने निर्देश दिए हैं कि कार्यक्रमों के माध्यम से वृद्धजनों के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता, पारिवारिक उत्तरदायित्व और सामाजिक सहभागिता का संदेश व्यापक रूप से प्रसारित किया जाए। इसके लिए स्थानीय समाचार-पत्रों, सामुदायिक रेडियो, सोशल मीडिया तथा अन्य प्रचार माध्यमों का उपयोग किया जाएगा।

## मध्यप्रदेश पुलिस की अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेशभर में अवैध मादक पदार्थों एवं नशीले पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में विभिन्न जिलों में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए विगत 05 दिनों में 01 करोड़ 45 लाख रूपए से अधिक मूल्य के अवैध मादक पदार्थ सहित संपत्ति जब्त की हैं। इन कार्रवाइयों में गांजा, स्मैक, अफीम, एमडी ड्रग्स एवं डोडाचूरा जैसे मादक पदार्थों की बड़ी खेप जब्त करते हुए अनेक तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। बड़वानी-जिले के वरला थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम पांजरिया से 01 क्विंटल 47 किलोग्राम गांजा जब्त कर लगभग 32 लाख 34 हजार रूपए की संपत्ति जब्त की है। प्रकरण में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

# महिला सुरक्षा को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर साधा निशाना, एनसीआरबी आंकड़ों का दिया हवाला

भोपाल,(निप्र)। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) 2024 के आंकड़े महिलाओं के खिलाफ अपराधों की स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हैं और सरकार को इस दिशा में प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है। जीतू पटवारी ने शुक्रवार को कहा कि एनसीआरबी के अनुसार वर्ष 2024 में प्रदेश में दहेज हत्या के 450 और घरेलू हिंसा के 7,514 मामले दर्ज किए गए हैं। ये आंकड़े महिला सुरक्षा के मुद्दे पर सरकार के दावों और जमीनी स्थिति के बीच अंतर को दर्शाते हैं। ग्वालियर-चंबल अंचल में भी महिलाओं के खिलाफ अपराध चिंताजनक स्तर पर बने हुए हैं। उनके अनुसार मुरैना जिले में दहेज हत्या के 25 मामले दर्ज हुए, जबकि ग्वालियर में घरेलू हिंसा के 582 मामले सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि इन आंकड़ों के आधार पर



महिला सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा किए जाने की आवश्यकता है। पटवारी ने आरोप लगाया कि सरकार महिला सम्मान और सशक्तिकरण की बात तो करती है, लेकिन दहेज प्रथा और घरेलू हिंसा जैसी समस्याओं के समाधान के लिए अपेक्षित परिणाम दिखाई नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कानून के प्रभावी क्रियान्वयन और त्वरित न्याय व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से महिलाओं की सुरक्षा के लिए संचालित योजनाओं और उनके परिणामों को सार्वजनिक करने की मांग की। साथ ही कहा कि दहेज हत्या और घरेलू हिंसा के मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए।कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने मांग की कि प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की विशेष समीक्षा कर जवाबदेही तय की जाए तथा पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस महिला सुरक्षा और सम्मान से जुड़े मुद्दों को आगे भी प्रमुखता से उठाती रहेगी।

# नगर निगम के स्वास्थ्य अमले ने दुकानदारों को दी समझाइश, कपड़े के थैले इस्तेमाल करने पर दिया जोर



ग्वालियर (ए.)। विश्व पर्यावरण दिवस के विशेष अवसर पर आज नगर निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा शहर को सिंगल-यूज प्लास्टिक और पॉलीथिन से मुक्त बनाने के लिए एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। निगम स्वास्थ्य अमले ने शहर के विभिन्न मुख्य बाजारों में पहुंचकर ठेले वालों और दुकानदारों समझाइश देते हुए कहा कि ग्राहक को कपड़े के थैले में ही सामान दें तथा ग्राहकों को भी कपड़े के थैले का उपयोग करने के लिए जागरूक करें।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशन में निगम के स्वास्थ्य अमले ने शहर के विभिन्न बाजारों में पहुंचकर ठेले वाले एवं दुकानदारों कों समझाइश दी दुकान पर आने वाले ग्राहकों को सिर्फ कपड़े का थैला ही उपयोग करने के लिए प्रेरित करें। जिसके स्वास्थ्य अधिकारी भीष्म कुमार पमनानी के निर्देषन में आज जोन 17 के वार्ड क्रमांक 39 एवं 38 में ठेले वालो और लोगो को समझाया गया कि दुकानदार को ग्राहक घर से कपड़े का थैला लेकर ही सामान लेने आये तथा दुकानदार एवं ठेले वाले भी कपडे के थेले में ही सामान दें। इस अवसर पर जेड एच ओ राजेंद्र करोसिया, डब्लू एच ओ राहुल पथरोल, सहायक श्री परमानंद आदि उपस्थित रहे।

इसके साथ ही क्षेत्रीय कार्यालय 16 के वार्ड क्रमांक 35 एवं 37 व्यावसायिक क्षेत्र लक्ष्मीगंज सब्जी मंडी एवं एबी रोड मुख्य बाजार, नई सड़क, गस्त का ताजिया, राम मंदिर चौराहा एवं फालका बाजार साप्ताहिक हाट बाजार में दुकानदारों एवं ठेले वालों को अमानक पॉलीथिन का उपयोग न करने की समझाइष दी गई। साथ ही वार्ड 46 के व्यवसायिक क्षेत्र में कपड़े के थैले उपयोग करने के पोस्टर लगाए गए। इस अवसर पर जेडएचओ महेश पथरोड़, सहायक धर्मेन्द्र डागोर एवं सुपरवाइजर बृजमोहन खरे उपस्थित रहे। इसके साथ ही स्वच्छता अभियान के तहत सार्वजनिक स्थल कॉलोनी में मेंन रोड पर कचरा फेंकने पर जुर्माना कार्रवाई की गई। जिसमें 2500 रूपये का जुर्माना किया गया। कार्रवाई में जेडएचओ पवन धवल, डब्ल्यूएचओ 32 पिंकल जादौन, फ्लाइंग स्क्वायड टीम सदस्य करोसिया, मनोज भारती, नंदेश करोसिया एवं सुपरवाइजर दिलीप गौतम उपस्थित रहे।

## किन्नर गुरु चांदनी नायक को धमकी, अशांति रोकने पुलिस से मांग

अशोकनगर,(ए.) मध्य प्रदेश के अशोकनगर में किन्नर समाज के भीतर का एक बड़ा विवाद अब पुलिस तक पहुंच गया है। समाज के ही कुछ गुटों द्वारा जान से मारने की धमकी और दबाव बनाए जाने के बाद डरे-सहमे स्थानीय किन्नरों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय और सुरक्षा की गुहार लगाई है। इस संबंध में जिले में धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहने वाली चांदनी नायक (मौसी किन्नर) द्वारा शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए शिकायती पत्र ने क्षेत्र में दहशत फैला दी है।चांदनी नायक ने अपनी साथी भावना नायक (चंदेरी) और जान्ही नायक (ईशागढ़) के साथ गंभीर आरोप लगाए हैं। पत्र के अनुसार, किन्नर समाज के ही कुछ अन्य लोगों ने मिलकर एक अलग संगठन बना रखा है। आरोप है कि यह गुट स्थानीय किन्नरों पर अपने संगठन में जुडने् के लिए अनुचित रूप से भारी दबाव बना रहा है। जब स्थानीय किन्नरों ने इस संगठन में शामिल होने से साफ मना कर दिया, तो उन्हें कथित तौर पर जान से मारने की धमकी दी गई।

## शहडोल : रील बनाने वाले हेड कॉन्स्टेबल विवेकानंद15 दिन से ड्यूटी से गैरहाजिर पर निलंबित

शहडोल(ए.)। मध्य प्रदेश के शहडोल जिले में पुलिस के सोशल मीडिया का चर्चित चेहरा और प्रधान आरक्षक विवेकानंद तिवारी को शहडोल पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार को निलंबित कर दिया है। विभाग का आरोप है कि वे 19 मई से लगातार ड्यूटी से अनुपस्थित थे। इस कार्रवाई के बाद सोशल मीडिया पर उनके समर्थन और विरोध में बहस शुरू हो गई है। विवेकानंद तिवारी सोशल मीडिया पर बड़ी पहचान रखते हैं। उनके यूट्यूब, फेसबुक और इंस्टाग्राम को मिलाकर करीब 1 करोड़ 79 लाख फॉलोअर्स हैं। वे सड़क सुरक्षा और यातायात जागरूकता से जुड़े वीडियो बनाते हैं, जिन्हें देशभर में देखा जाता है। पुलिस विभाग के अनुसार, जिस अवधि में विवेकानंद तिवारी ड्यूटी से अनुपस्थित थे, उस दौरान उनके सोशल मीडिया अकाउंट पर लगातार नए वीडियो अपलोड होते रहे। विभाग ने इसे पुलिस रेग्युलेशन-64 के तहत सेवा नियमों का उल्लंघन मानते हुए निलंबन की कार्रवाई की है। निलंबन के बाद उन्हें रक्षित केंद्र शहडोल से संबद्ध किया गया है। बताया जा रहा है कि उनके सोशल मीडिया कंटेंट को अब तक 552 करोड़ से अधिक व्यूज मिल चुके हैं, जिससे वह प्रदेश के सबसे चर्चित पुलिसकर्मियों में गिने जाते हैं।निलंबन के बाद विवेकानंद तिवारी ने अपनी प्रतिक्रिया भी दी है। उनका कहना है कि उनकी तबीयत खराब थी और इलाज करा रहे थे। उन्होंने दावा किया कि अवकाश की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दे दी गई थी।



# ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन आज की सबसे गंभीर चुनौती : मंत्री सुश्री भूरिया



झाबुआ (ए.)। विश्व पर्यावरण दिवस पर महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने झाबुआ में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया। मंत्री सुश्री भूरिया ने प्रकृति के साथ हो रहे मानवीय हस्तक्षेप पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज संपूर्ण विश्व ग्लोबल वार्मिंग, वर्षा की अनियमितता, प्लास्टिक प्रदूषण और जल संकट जैसी विकराल पर्यावरणीय समस्याओं से जूझ रहा है। हमारे पूर्वज हमें एक बेहद समृद्ध प्राकृतिक विरासत सौंपकर गए हैं, जिसे सहेजना और आगे बढ़ाना हमारा परम कर्तव्य है। बेंगलुरु जैसे महानगरों में वर्षों पुराने वृक्ष आज भी वहां के नागरिकों की जागरूकता के कारण सुरक्षित हैं। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में शुरू हुआ 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान केवल एक दिन का औपचारिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह धरती माता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और समाज को भावनात्मक रूप से जोड़ने का माध्यम है।

उन्होंने कहा कि आगामी 21 जून तक पूरे झाबुआ जिले में 1 लाख पौधे लगाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि पौधारोपण के साथ पौधों को जीवित रखना और उन्हें वृक्ष के रूप में विकसित करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

## मप्र के खंडवा में 150 बारातियों से भरा ट्रक पलटा, 27 घायल, आठ की हालत गंभीर

खंडवा, (ए.)। मध्य प्रदेश के खंडवा जिले के खालवा थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह बारातियों से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में ट्रक में सवार 27 बाराती घायल हो गए, जिनमें महिला, पुरुष और बच्चे शामिल हैं। गंभीर रूप से घायल आठ लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस के अनुसार, बुरहानपुर जिले के ग्राम ढाबा से बारातियों को लेकर ट्रक खालवा क्षेत्र के ग्राम चुनाखाल जा रहा था। बारातियों से भरा ट्रक शुक्रवार सुबह करीब 10:30 बजे आड़ाखेड़ा जंगल के एक तीखे मोड़ पर पहुंचा था। इसी दौरान चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और ट्रक सड़क किनारे पलट गया। हादसा इतना अचानक हुआ कि ट्रक में सवार लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला।




## निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया

इन्दौर (ए.)। मां सेवा स्वास्थ्य एवं जनकल्याण फाउंडेशन, साईं राम अखंड सेवा समिति तथा परशुराम सेना द्वारा अरविंदो हॉस्पिटल के सहयोग से नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। सेना के प्रदेश अध्यक्ष पं. अनूप शुक्ला एवं त्रिलोक खत्री के अनुसार शिविर में जांच के दौरान लोगों को निशुल्क चश्मों का वितरण तथा आई ड्रॉप भी प्रदान किए गए वहीं चयनित मरीजों के आपरेशन निशुल्क कराएं जाएंगे। शिविर में प्रकाश शर्मा, सुभाष धौलपुर, प्रकाश सेरोके, वीरेंद्र शर्मा, विजय नीमा, नमन दुबे, भूपेन तिवारी, छोटू उस्ताद सहित बड़ी संख्या में परशुराम सेना सैनिक उपस्थित रहे।

# व्यापार समाचार

# महंगाई और वैश्विक संकट के बीच आरबीआई ने रेपो रेट 5.25 फीसदी पर रखा स्थिर

## - लोन की ईएमआई में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी, ब्याज स्थिर रहेगा



नई दिल्ली (ए.)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमसीसी) ने शुक्रवार को रेपो रेट में महंगाई और वैश्विक संकट के बीच कोई बदलाव नहीं किया और इसे 5.25 फीसदी पर बरकरार रखा। इसका मतलब है ?कि आपके लोन की ईएमआई में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी, आपके लोन का ब्याज ??स्थिर रहेगा। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि दुनिया भर की आर्थिक परिस्थितियां अप्रैल की पिछली मौद्रिक नीति बैठक के बाद और चुनौतीपूर्ण हो गई हैं। संजय मल्होत्रा ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और नाजुक युद्धविराम के कारण वैश्विक माहौल कमजोर हुआ है। इससे आपूर्ति श्रृंखलाओं में बाधा और ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। इन कारणों से आर्थिक विकास की रफ्तार धीमी पड़ सकती है और महंगाई बढ़ने का खतरा भी बना हुआ है। आरबीआई गवर्नर के अनुसार वैश्विक झटकों के बावजूद खुदरा महंगाई अभी केंद्रीय बैंक के लक्ष्य से नीचे बनी हुई है। इसका कारण यह है कि अंतरराष्ट्रीय कीमतों का असर घरेलू बाजार पर सीमित रहा है। हालांकि आने वाले समय में महंगाई बढ़कर आरबीआई की तय सीमा के ऊपरी स्तर के करीब पहुंच सकती है। मौद्रिक नीति समिति का मानना है कि महंगाई बढ़ने के जोखिम पहले की तुलना में ज्यादा हो गए हैं। ऐसे में स्थिति को और स्पष्ट होने देने के लिए फिलहाल इंतजार करना उचित रहेगा। इसी वजह से समिति ने रेपो रेट को स्थिर रखने का फैसला किया। आरबीआई ने यह भी कहा कि वह आगे के फैसले आर्थिक आंकड़ों और बाजार की परिस्थितियों को देखकर लेगा। साथ ही एमपीसी ने अपना न्यूट्रल रुख भी बरकरार रखा है।आरबीआई गवर्नर ने कहा कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के दूसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 7.6 फीसदी रही। इसमें निजी खपत, निवेश, विनिर्माण और सेवा क्षेत्र का बड़ा योगदान रहा।

## शेयर बाजार गिरावट पर बंद

### सेंसेक्स 116, निफ्टी 49 अंक गिरा



मुम्बई (ए.)। भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजार से मिले कमजोर संकेंतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। इसकी कारण दिन भर कर के कारोबार के बाद 30शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 116.67 अंक नीचे आकर 74243.34 के स्तर पर बंद हुआ जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 49.85 अंकों की गिरावट के साथ ही 23366.7 के स्तर पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान एक समय पर सेंसेक्स करीब 355 अंक उछलकर 74,717.57 के स्तर पर पहुंच गया था पर इसके बाद अचानक ही इसमें गिरावट आने लगी। आज के कारोबार के दौरान सेंसेक्स के जिन शेयरों में अच्छी खरीदारी रही। वे हैं अडानी पोर्ट, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक और एमएंडएम। वहीं दूसरी ओर टाटा स्टील, टीसीएस और एचसीएल टेक के शेयरों मे गिरावट रही जबकि निफ्टी के साथ ही मिड और स्मॉलकैप शेयरों में भी बिकवाली हावी रही। इस कारण निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 0.37 फीसदी नीचे आ गयाजबकि निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 0.13 फीसदी गिरा।आज कारोबार के दौरान अधिकतर इंडेक्स लाभ के साथ बंद हुए। आज सबसे ज्यादा खरीदारी निफ्टी मीडिया में रही और यह करीब 3.50 फीसदी तक ऊपर आया। इसके अलावा निफ्टी ऑटो, एफएमसीजी, फार्मा, पीएसयू बैंक, निजी बैंक, रियल्टी, हेल्थकेयर और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स इंडेक्स के शेयर भी लाभ के साथ बंद हुए।

## क्रूड ऑयल में भविष्य की संभावनाओं को एक्सप्लोर करने के लिए भारतीय टीम जाएगी वेनेजुएला : हरदीप सिंह पुरी



नई दिल्ली (ए.)। भारत के पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्टपति डेल्सी रोड्रिगेज से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने तेल और ऊर्जा क्षेत्रों को लेकर बातचीत की। केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा कि वेनेजुएला अप्रैल और मई 2026 में भारत को क्रूड ऑयल के सबसे बड़े सप्लायर्स में से एक है। उन्होंने यह भी बताया कि क्रूड ऑयल को लेकर भविष्य की संभावनाओं के गहन विश्लेषण के लिए भारत की टीम वेनेजुएला जाएगी।

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, पेट्रोलियम मंत्री और भारत के ऊर्जा क्षेत्र के पीएसयू के सीएमडी के नेतृत्व में वेनेजुएला के बोलिवेरियन रिपब्लिक की कार्यवाहक राष्टपति डेल्सी रोड्रिगेज से मुलाकात की। भारत की वेनेजुएला के साथ 2008 से लंबे समय से ऊर्जा साझेदारी है और वह देश के साथ खास कॉम्प्लिमेंट्रीज साझा करता है।

उन्होंने आगे कहा, वेनेजुएला के पास दुनिया में तेल का सबसे बड़ा रिजर्व है, जबकि भारत के पास न सिर्फ ऊर्जा की बहुत ज्यादा डिमांड है, बल्कि हमारे पास वेनेजुएला के क्रूड को हमारी रिफाइनरियों में रिफाइन करने के लिए तकनीकी विशेषज्ञता और मैनपावर भी है। वेनेजुएला अप्रैल और मई 2026 में भारत को क्रूड ऑयल के सबसे बड़े सप्लायर्स में से एक है, जो भविष्य की संभावनाओं को दिखाता है। हमारी टेक्निकल टीम इस संभावना को और एक्सप्लोर करने के लिए जल्द ही वेनेजुएला जाएगी।

इससे पहले भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्टपति डेल्सी रोड्रिगेज से मुलाकात की। पीएम मोदी ने कहा कि लैटिन अमेरिका में एक अहम पार्टनर के तौर पर, वेनेजुएला के साथ हमारा करीबी सहयोग ग्लोबल साउथ के लिए बहुत जरूरी है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्टपति डेल्सी रोड्रिगेज से मिलकर खुशी हुई। हमने ऊर्जा, जरूरी मिनरल्स, तकनीकी, कृषि, स्वास्थ्य और लोगों के बीच आपसी संपर्कों में अपने सहयोग को बढ़ाने पर काफी बातचीत की।उन्होंने आगे कहा कि लैटिन अमेरिका में एक अहम पार्टनर के तौर पर, वेनेजुएला के साथ हमारा करीबी सहयोग ग्लोबल साउथ के लिए बहुत जरूरी है। हम अपने देशों के लोगों के आपसी फायदे के लिए मिलकर काम करते रहेंगे। इससे पहले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक में विशेष रूप से ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार, निवेश, स्वास्थ्य सेवाएं और ऑटोमोबाइल उद्योग जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसरों पर मंथन हुआ।

## नीलकंठ मिश्रा होंगे विश्व बैंक में भारत के प्रतिनिधि, वैश्विक आर्थिक मंच पर निभाएंगे अहम भूमिका


नई दिल्ली (ए.)। एक महत्वपूर्ण निर्णय में वरिष्ठ अर्थशास्त्री नीलकंठ मिश्रा को विश्व बैंक में भारत का कार्यकारी निदेशक (एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर) नियुक्त किया गया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी दी है। वह वॉशिंगटन डीसी स्थित विश्व बैंक मुख्यालय में तीन वर्षों के कार्यकाल के लिए यह जिम्मेदारी संभालेंगे। नीलकंठ मिश्रा, परमेश्वरन अय्यर की जगह यह पद संभालेंगे। अय्यर का कार्यकाल तब तक बढ़ाया गया है, जब तक मिश्रा आधिकारिक रूप से पदभार ग्रहण नहीं कर लेते। मिश्रा वर्तमान में प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के अंशकालिक सदस्य भी हैं।विश्व बैंक के बोर्ड में वह भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह बोर्ड ऋण वितरण, विकास परियोजनाओं, वित्तीय नीतियों और प्रशासनिक निर्णयों की निगरानी करता है। यह पद भारत की आर्थिक कूटनीति से जुड़ी सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों में से एक माना जाता है, जिसमें वैश्विक विकास वित्तपोषण, बुनियादी ढांचा निवेश, गरीबी उन्मूलन और आर्थिक विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होती है।नीलकंठ मिश्रा फिलहाल एक्सिस बैंक में मुख्य अर्थशास्त्री (चीफ इकोनॉमिस्ट) हैं। इसके साथ ही वह एक्सिस कैपिटल में वैश्विक शोध प्रमुख (हेड ऑफ ग्लोबल रिसर्च) और पूर्णकालिक निदेशक के रूप में भी कार्यरत हैं। उन्हें भारत के सबसे सम्मानित अर्थशास्त्रियों और बाजार रणनीतिकारों में गिना जाता है।साल 2023 में एक्सिस समूह से जुड़ने से पहले उन्होंने लगभग दो दशक तक क्रेडिट सुइस में काम किया। वहां वह प्रबंध निदेशक, भारत रणनीतिकार और एशिया-प्रशांत क्षेत्र के इक्विटी रणनीति विभाग के सह-प्रमुख रहे थे।

# रुपये को सहारा देने के लिए सरकार का बड़ा दांव, विदेशी निवेशकों को एलटीसीजी टैक्स से मिली पूरी छूट

नई दिल्ली (ए.)। रुपये पर बढ़ते दबाव और विदेशी पूंजी के लगातार पलायन के बीच केंद्र सरकार ने विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने शुक्रवार को एक अध्यादेश जारी कर आयकर अधिनियम में संशोधन करते हुए विदेशी संस्थागत निवेशकों (FII) द्वारा सरकारी प्रतिभूतियों (G-Secs) में किए गए निवेश पर लगने वाले दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर (LTCG) को पूरी तरह समाप्त कर दिया है।

सरकार का मानना है कि इस फैसले से भारतीय सरकारी बॉन्ड बाजार विदेशी निवेशकों के लिए अधिक आकर्षक बनेगा और देश में दीर्घकालिक विदेशी पूंजी का प्रवाह बढ़ेगा। चूंकि सरकारी प्रतिभूतियां आमतौर पर लंबी अवधि के निवेश साधन होती हैं, इसलिए कर छूट का उद्देश्य स्थिर और टिकाऊ निवेश को प्रोत्साहित करना है।

इस अध्यादेश से पहले विदेशी निवेशकों को इक्विटी और डेट निवेश से होने वाले दीर्घकालिक




लाभ पर 12.5 प्रतिशत LTCG टैक्स देना पड़ता था। जुलाई 2024 के बजट में यह दर 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 12.5 प्रतिशत की गई थी।

यह फैसला ऐसे समय में आया है जब भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से बड़े पैमाने पर धन निकाला है। इससे न केवल पूंजी बाजार प्रभावित हुआ है, बल्कि भारतीय मुद्रा पर भी दबाव बढ़ा है।महंगे कच्चे तेल, बढ़ते व्यापार घाटे और वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के कारण रुपये में लगातार कमजोरी देखने को मिली है। विदेशी निवेशकों की निकासी और डॉलर की बढ़ती मांग ने रुपये को रिकॉर्ड निचले स्तर तक पहुंचा दिया, जिससे भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) को विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप करना पड़ा।रुपये को स्थिर रखने के लिए आरबीआई लगातार अपने विदेशी मुद्रा भंडार का उपयोग कर रहा है। डॉलर की बिक्री के चलते हाल के महीनों में विदेशी मुद्रा भंडार में भी गिरावट दर्ज की गई है। इसके साथ ही आरबीआई ने कुछ दीर्घकालिक सरकारी बॉन्ड को पूरी तरह सुलभ श्रेणी (Fully Accessible Route) में शामिल कर विदेशी निवेशकों के लिए निवेश के रास्ते और आसान कर दिए हैं।विशेषज्ञों का मानना है कि पूंजीगत लाभ कर से छूट मिलने के बाद विदेशी निवेशकों का शुद्ध रिटर्न बढ़ेगा।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## स्कूली शिक्षा गंभीर संकट का सामना कर रही

शिक्षा का प्रसार करने में भारत सफल है, मगर स्कूल से यूनिवर्सिटी तक लर्निंग क्वालिटी, तर्क-बुद्धि, शिक्षक क्षमता और रोजगार लायक योग्यता प्रदान करने के मामले में वह गहरे संकट का सामना कर रहा है।

गुणवत्ता संपन्न ज्ञान एवं तर्क क्षमता प्रदान करने के मामले में भारत की स्कूली शिक्षा गंभीर संकट का सामना कर रही है। नीति आयोग ने अपनी रिपोर्ट- 'भारत में स्कूल शिक्षा प्रणाली: सामयिक विश्लेषण एवं गुणवत्ता वृद्धि के लिए नीतिगत मार्ग'- में यह बात स्वीकार की है। आयोग ने ये विस्तृत रिपोर्ट यूडीआईएसई+, एनएएस, प्रदर्शन आकलन समीक्षा, परख और असर रिपोर्टों से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर तैयार की है। एक वाक्य में इसका सार है- 'शिक्षा का प्रसार करने में भारत ने सफलता हासिल की है, मगर लर्निंग क्वालिटी, शिक्षक क्षमता, और रोजगार पाने लायक योग्यता' प्रदान करने जैसे मामलों में वह गहरे संकट का सामना कर रहा है।'

प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक यही सूरत मौजूद है। स्पष्टत: शिक्षा के प्रसार से मतलब स्कूलों में दाखिले से है। आज देश में 14.7 लाख स्कूल, तकरीबन 24.7 करोड़ बच्चे और एक करोड़ शिक्षक हैँ। मगर बुनियादी ज्ञान प्राप्त एवं प्रदान करने के मोर्चे पर स्थिति नाजुक है। ऊंचे क्लास में पहुंच जाने के बावजूद ज्यादातर छात्र निचले वर्ग का पाठ पढ़ने या अंकगणित के प्रश्नों को हल करने में नाकाम बने रहते हैं। क्लास बढ़ने के साथ समस्या बढ़ती चली जाती है। कई राज्यों के विश्वविद्यालयों की गुणवत्ता कमजोर है, शिक्षा का स्तर अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्ध्या के योग्य नहीं है, शिक्षा संस्थान फंडिंग और संचालन संबंधी समस्याओं से ग्रस्त हैं और इन सबका नतीजा है कि डिग्री लेकर निकले छात्रों को बाजार रोजगार के योग्य नहीं मानता।

आयोग ने कहा है कि बिखराव- ग्रस्त स्कूल प्रणाली, शिक्षकों की कमी, और असमान लर्निंग की स्थिति जैसे मसलों को हल नहीं किया गया, तो प्रगति का मार्ग प्रशस्त नहीं हो सकेगा। रिपोर्ट में शिक्षा व्यवस्था में आमूल सुधार की जरूरत बताई गई है। आधुनिक दौर के मुताबिक इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्मित करने का सुझाव दिया गया है। मगर ये होगा कैसे ? बजट पर गौर करें, तो साफ है शिक्षा सरकारों की प्राथमिकता नहीं है। ऊपर से ज्ञान एवं तर्क विरोधी माहौल राजनीतिक परियोजना के तहत बनाया जा रहा है। ऐसे में छात्र सीखने एवं तर्क करने की दिशा में कैसे प्रेरित होंगे ?

# सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला विवाहित पुत्रियों को भी मिलेगा समान अधिकार

**– कांतिलाल मांडोत**



भारत का संविधान सभी नागरिकों को समानता का अधिकार प्रदान करता है। समय के साथ न्यायपालिका ने अनेक ऐसे निर्णय दिए हैं जिन्होंने समाज में व्याप्त भेदभावपूर्ण व्यवस्थाओं को चुनौती दी है और समान अधिकारों की अवधारणा को मजबूत किया है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि केवल वैवाहिक स्थिति के आधार पर किसी पुत्री को अनुकंपा नियुक्ति अथवा अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता। यह निर्णय न केवल महिलाओं के अधिकारों को सशक्त बनाता है बल्कि समाज में लंबे समय से चली आ रही रूढ़ियों को भी चुनौती देता है। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उन फैसलों को रद्द कर दिया जिनमें कहा गया था कि अनुकंपा नियुक्ति के लिए परिवार की परिभाषा में विवाहित बेटी शामिल नहीं होती। न्यायालय ने कहा कि किसी भी कल्याणकारी योजना का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को सहायता प्रदान करना होता है और यदि कोई पुत्री विवाह के बाद भी अपने परिवार की जिम्मेदारियां निभा रही है तो उसे केवल विवाहित होने के आधार पर योजना के लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता।यह मामला एक विवाहित पुत्री से जुड़ा था जिसने उचित मूल्य की दुकान के लाइसेंस के लिए आवेदन किया था। उसने वर्ष 2019 के उस सरकारी आदेश को चुनौती दी थी जिसमें विवाहित बेटियों को परिवार की परिभाषा से बाहर रखा गया था। याचिकाकर्ता का कहना था कि वह विवाह के बाद भी अपने माता पिता के परिवार के साथ रह रही थी। वह अपनी विकलांग बहन की देखभाल करती थी और अपनी मां के साथ दुकान के संचालन में भी सहयोग करती थी। मां की मृत्यु के बाद जब उसने लाइसेंस के लिए आवेदन किया तो उसका आवेदन केवल इस आधार पर अस्वीकार कर दिया गया कि वह विवाहित है।

मामले की सुनवाई के दौरान यह महत्वपूर्ण प्रश्न उठा कि जब विवाहित पुत्रों पर ऐसी कोई रोक नहीं है तो फिर विवाहित पुत्रियों को परिवार का सदस्य मानने से क्यों इंकार किया जाता है। यह प्रश्न केवल एक व्यक्ति के अधिकार का नहीं था बल्कि देश की लाखों महिलाओं से जुड़ा हुआ था जो विवाह के बाद भी अपने माता पिता और परिवार की जिम्मेदारियों का निर्वहन करती हैं। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वैवाहिक स्थिति किसी व्यक्ति के अधिकारों को निर्धारित करने का आधार नहीं हो सकती। यदि कोई महिला अपने परिवार के साथ जुड़ी हुई है और उनकी जिम्मेदारियां निभा रही है तो उसे केवल इसलिए योजनाओं से बाहर नहीं किया जा सकता क्योंकि उसका विवाह हो चुका है। न्यायालय ने यह भी कहा कि ऐसी सोच संविधान के समानता के सिद्धांत के विपरीत है। इस निर्णय का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि भारतीय समाज में लंबे समय तक यह धारणा रही है कि विवाह के बाद बेटी अपने मायके के परिवार का हिस्सा नहीं रहती। जबकि वास्तविकता यह है कि आज बड़ी संख्या में बेटियां अपने माता पिता की देखभाल करती हैं और आर्थिक तथा सामाजिक जिम्मेदारियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। अनेक परिवारों में बेटियां ही माता पिता का सहारा होती हैं। ऐसे में उन्हें अधिकारों और योजनाओं से वंचित करना न्यायसंगत नहीं माना जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में बॉम्बे हाईकोर्ट और कर्नाटक हाईकोर्ट के उन निर्णयों का भी समर्थन किया जिनमें यह माना गया था कि किसी महिला को केवल उसकी वैवाहिक स्थिति के कारण कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता। यह दृष्टिकोण आधुनिक भारत की सामाजिक वास्तविकताओं के अधिक अनुरूप है।

अनुकंपा नियुक्ति का मूल उद्देश्य किसी कर्मचारी की मृत्यु के बाद उसके परिवार को आर्थिक संकट से उबारना होता है। यदि परिवार का कोई सदस्य वास्तव में आश्रित है और परिवार की जिम्मेदारियां संभाल रहा है तो उसके अधिकार का मूल्यांकन उसकी वैवाहिक स्थिति के आधार पर नहीं बल्कि उसकी वास्तविक परिस्थितियों के आधार पर होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय इसी सिद्धांत को मजबूत करता है।

यह फैसला महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता और सामाजिक सम्मान की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। जब महिलाओं को समान अवसर और अधिकार मिलते हैं तब वे न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे समाज के विकास में योगदान देती हैं। न्यायालय का यह निर्णय सरकारी नीतियों और योजनाओं में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने वाला माना जाएगा।

इस फैसले का प्रभाव केवल अनुकंपा नियुक्ति तक सीमित नहीं रहेगा। भविष्य में विभिन्न सरकारी योजनाओं और लाभों से जुड़े मामलों में भी यह निर्णय एक महत्वपूर्ण मिसाल बनेगा। इससे उन नियमों और प्रावधानों की समीक्षा का मार्ग प्रशस्त होगा जिनमें विवाह को महिलाओं के अधिकार सीमित करने का आधार बनाया गया है।

आज भारत तेजी से बदल रहा है। शिक्षा रोजगार और सामाजिक भागीदारी के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका लगातार बढ़ रही है। ऐसे समय में न्यायपालिका के इस प्रकार के निर्णय समाज को अधिक न्यायपूर्ण और समानतापूर्ण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अपने इस फैसले से स्पष्ट संदेश दिया है कि बेटी चाहे विवाहित हो या अविवाहित उसके अधिकार समान हैं और उसे केवल वैवाहिक स्थिति के आधार पर किसी योजना से वंचित नहीं किया जा सकता। यह निर्णय संविधान की भावना के अनुरूप है और महिलाओं के सम्मान तथा समानता के अधिकार को नई मजबूती प्रदान करता है। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट का फैसला पलटते हुए यह स्पष्ट कर दिया है कि कल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य सहायता पहुंचाना है न कि भेदभाव करना। इसलिए किसी भी पात्र पुत्री को केवल विवाह के आधार पर योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रखा जा सकता। यह फैसला महिलाओं के अधिकारों की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है और आने वाले समय में सामाजिक न्याय की नई मिसाल के रूप में याद किया जाएगा।

## गरीब मरीज पूछ रहा है- क्या मेरा जीवन इतना सस्ता है?

**प्रो. आरके जैन अरिजीत**

स्वास्थ्य व्यवस्था की असली परीक्षा अस्पतालों की इमारतों से नहीं, मरीज को समय पर मिलने वाले उपचार से होती है। दुर्भाग्य से, देश की चिकित्सा व्यवस्था के सर्वोच्च प्रतीकों में गिने जाने वाले एम्स भी अब लंबी प्रतीक्षा की समस्या से जूझ रहे हैं। एम्स भोपाल में गैर-इमरजेंसी (रूटीन) केस में कई मरीजों को सीटी स्कैन या एमआरआई जैसी जरूरी जांच के लिए तीन-चार माह इंतजार करना पड़े, तो यह केवल संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि व्यवस्था की संवेदनहीनता का संकेत है। बीमारी न प्रशासनिक प्रक्रियाओं का इंतजार करती है, न सरकारी गति का; वह हर दिन गंभीर होती जाती है। ऐसे में 120 दिन बाद जांच की तारीख मिलना एक चिंताजनक प्रश्न खड़ा करता है—इसका बोझ आखिर कौन उठाएगा, मरीज, उसका परिवार या उसका जीवन?

एम्स भोपाल की लंबी वेटिंग लिस्ट अब केवल एक अस्पताल की समस्या नहीं, बल्कि सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की पुरानी चुनौती का प्रतीक बन गई है। कम खर्च में बेहतर इलाज की उम्मीद लेकर आने वाले लाखों गरीब और मध्यमवर्गीय मरीजों के लिए सस्ता इलाज भी तब बेमानी हो जाता है, जब जरूरी जांच ही महीनों बाद उपलब्ध हो। पेट के असहनीय दर्द, कैंसर की आशंका, मस्तिष्क रोग या अन्य गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीज यदि केवल व्यवस्थागत कमी के कारण चार माह प्रतीक्षा करने को विवश हों, तो यह स्वास्थ्य सेवा नहीं, संवेदनहीनता है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि बीमारी किसी वेटिंग लिस्ट का इंतजार नहीं करती; वह लगातार बढ़ती जाती है और कई बार उपचार की संभावनाओं को भी सीमित कर देती है।

# तृणमूल कांग्रेस आखिर क्यों टूट टूट कर बिखरने की कगार पर है

**अजय दीक्षित**




तृणमूल कांग्रेस पश्चिमी बंगाल में टूट टूट कर बिखरने को है । यहां तक कि पचास विधायक,15 लोकसभा सांसद और 09 राजसभा सांसद, एक आद हजार पार्षद, मेयर, म्युनिसिपल कॉरपोरेशन के काउंसलर, कोलकाता की पूरी पार्षद दल, विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत के बाद घर बैठे हैं और पार्टी द्वारा बुलाए जाने पर भी कार्यक्रमों नहीं जा रहे हैं। अधिकतर लोग भारतीय जनता पार्टी में शामिल होना चाहते हैं परंतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने तय किया है कि किसी को शामिल नहीं किया जाएगा। यद्यपि सूत्रों माने तो राज्य सभा सांसदों को कुछ रियायत मिलने के संकेत हैं क्योंकि भारतीय जनता पार्टी को राज्य सभा में दो तिहाई बहुमत के लिए 15 सीट चाहिए क्योंकि उसके पास राजग की 148 सीट है।

तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी घर से निकलने हिम्मत नहीं जुटा पा रही है। अभिषेक बनर्जी को ईडी सीबीआई का डर सता रहा है। बताया जाता है अभिषेक बनर्जी के पास 2००करोड़ की नामी बेनामी संपत्ति है।

सरकार के  पूर्व मंत्री,कई विधायक,गुंडे, हफ्ता वसूली करने वाले, टोला वाजी करने वाले, बाग्लादेश मुस्लिम,सब परेशान हैं। पूरा बंगाल का रेडी, पटरी, अवैध मकान,जमीन घेरने वाले भाग रहे हैं या सीखचों का इतजार कर रहे हैं। जिसमें मुस्लिम अवैध धंधे बाज़,इनकी तो जैसे समत आ गई है।


टाइम्स ऑफ इंडिया के जयंत घोषाल कहते हैं कि जैसे बंगाल में अनुशासन आ गया है। हावड़ा जंक्शन, कोलकाता, मुर्शिदाबाद, मालदा, वीरभूमि, मेदिनीपुर, बांकुरा, चौबीस परगना, प्रेसीडेंसी कोलकाता,में जमकर अतिक्रमण तोड़े जा रहे है। 1978 बाद पहली बार ईद की नवाज़ सड़क पर नहीं हुई बल्कि परेड ग्राउंड में हुई कोई भाषण नहीं किया।किसी भी सड़क पर बंगाल कोई नवाज नहीं हुई । अभी तो मुख्यमंत्री शिवेंदु अधिकारी का पूरा मंत्री मंडल नहीं बना है।

जिस पर ऐसे हालात है। बताया जाता है कि केंद्र सरकार ने बंगाल को चारसौ कंपनी बीएसएफ की दी है। सुबेंदु प्रतिदिन सुबह चार बजे से रात दो बजे तक सक्रिय है।अभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने मुख्यमंत्री शिवेंदु अधिकारी गए थे 1 लाख करोड़ प्रस्ताव सड़क,बिजली,पानी, नेशनल हाईवे, देकर आए जो शायद 15 जून केंद्रीय मंत्री परिषद बैठक में पास होगे। जिसमें शिक्षा का उन्नयन, विश्वविद्यालय,कला संस्कृति, अध्यात्म, पर्यटन,का विशेष पैकेज भी शामिल होगा।

पश्चिमी बंगाल में 1977 में लेफ्ट पार्टियों की सरकार बनी लेफ्ट पार्टियों ने कांग्रेस का दामन किया यहां तक कि पूरा लोकतंत्र का अपहरण कर लिया और विपक्ष को नेस्तनाबूद करने का कार्य किया।23 वर्ष ज्योति बसु मुख्यमंत्री रहे और 11 वर्ष बुद्धदेव भट्टाचार्य मुख्यमंत्री रहे ।इन वर्षों में लेफ्ट पार्टियों ने बूथ जाम करने का नया तरीका ईजाद किया।

लेकिन ममता बनर्जी जैसी जुझारू महिला ने अकेले दम पर 34 साल की लेफ्ट पार्टियों के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर में उखाड़ फेंका। लेकिन ममता बनर्जी 2016 तक तो कुछ हद तक लोकतांत्रिक रही थी लेकिन तुड़मूल ने भी लेफ्ट पार्टियों की तरह काम करना शुरू कर दिया। कट मनी, टोला वाजी, भ्रष्टाचार, भाई भतीजा बाद जम कर किया। लेफ्ट समाप्त होगयी थी ।2016 से पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपनी जड़े जमाना शुरू कर दिया था। भारतीय जनता पार्टी 2016 विधानसभा चुनाव में मात्र 11 फीसदी वोट लाकर तीन सीट ही जीत सकी।2019 के लोकसभा चुनाव मील का पत्थर साबित हुआ भारतीय जनता पार्टी ने 40 फीसदी वोट लाकर 42 में से 18 सीट जीती थी।2024 लोकसभा में वोट शेयर 39 फीसदी रहा मगर सीट 12 रह गई । 2021के विधानसभा चुनाव को भारतीय जनता पार्टी ने पूरे दम खम से लड़ा और 40 फीसदी वोट लाकर 77 सीट 294 में से जीती यह अदभुत था ।2026 में भारतीय जनता पार्टी ने 46 फीसदी वोट लाकर 207 सीट जीती और ममता बनर्जी युग का अंत कर दिया।

अब ममता बनर्जी की तुड़मूल कांग्रेस के समक्ष अस्तित्व का संकट उत्पन्न हो गया है क्योंकि तुड़मूल विचारधारा की पार्टी नहीं है। उसके लोग पहले सीपीएम सीपीई आरएसपी लेफ्ट पार्टियों में थे।तृणमूल कांग्रेस अब हर स्तर पर बिखर रही हैं क्योंकि बंगाल में पार्टियों लोग धन कमाने रहते हैं।ये लोग हत्या, लूट, जुआ, अवैध शराब, कट मनी, टोला वाजी,में शामिल रहते हैं। बंगाल में पिछले 50 वर्षों में इन लोगों ने सभी उद्योग धंधे बंद करा दिए। भारतीय जनता पार्टी एक अनुशासन पार्टी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री शिवेंदु अधिकारी से कहा है कि बंगाल की कला संस्कृति, अध्यात्म, पर्यटन को जिंदा करने का कार्य करो।




मेष राशि: मेष राशि वालों आज आप स्वस्थ और ऊर्जावान रहेंगे। व्यापार से रिलेटेड नई योजनाएं बना सकते हैं, जिससे आपकी आय के स्त्रोत खुलेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति में काफी सुधार होगा। निवेश करने के लिए अच्छा समय है। यात्रा पर जाने के योग हैं। आप अपनी पत्नी तथा बच्चों के साथ किसी मनपसंद जगह पर घूमने जाएंगे, जिससे आपकी उलझनें दूर होंगी।

वृष राशि: वृष राशि वालों आपके लिए आज का दिन खुशनुमा रहेगा। आज आपको कुछ नये लोगों से मिलने का अवसर मिलेगा। आपको नया प्रोजेक्ट मिलने के योग हैं। जिससे आपके प्रगति के रास्ते खुलेंगे। आपके व्यवसाय में बेहतर बदलाव होने की संभावना है, जो आपके आर्थिक स्तर को बेहतर बनाएगा। आज आप बहुत आनंदित रहेंगे। पारिवारिक दृष्टि से आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपको माता-

मिथुन राशि: मिथुन राशि वालों आज आपका दिन लकी रहेगा। आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। इस दौरान आप केवल भाग्य के भरोसे न बैठकर बल्कि अच्छी मेहनत करेंगे। नौकरी में अच्छी सफलता मिलेगी। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। कहीं की मनोरंजक यात्रा होने की संभावना है। आपका मन आज धार्मिक क्रिया-कलापों में भी खूब लगेगा।

कर्क राशि: कर्क राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिताएंगे। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। आपके व्यवसाय में लाभ मिलेगा। आय के साधन बढ़ेंगे। व्यापार से जुड़ी यात्रा फायदेमंद रहेगी। इस दौरान आप किसी से अपने व्यापार संबंधी सीक्रेट शेयर करने से बचें। अन्यथा दूसरा फायदा उठा सकता है।

सिंह राशि: सिंह राशि वालों आज आपका हर काम सफलता पूर्वक संपन्न होगा। व्यावसायिक योजनाएं पूरी होंगी। कार्यस्थल पर आज ज्यादा काम होने की संभावना है, पर आप मेहनत और लगन से समय पर पूरा कर लेंगे और सहकर्मियों के बीच आपका प्रभाव बढ़ेगा। आपकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। घर में शुभ कार्य संपन्न होगा।

कन्या राशि:कन्या राशि वालों आज आपका दिन लकी रहेगा। दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा, जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा और आप दोनों के बीच आपसी रिश्ते और अच्छे होंगे। आप दोनों की रुचि धर्म-कर्म के कार्यों में बढ़ेगी। नई नौकरी मिलने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में मेहनत के बल पर सफलता हासिल कर लेंगे। व्यापारी वर्ग को बड़े लाभ के योग हैं।

तुला राशि:तुला राशि वालों आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपके द्वारा बनाई गई योजना कारगर साबित होगी। अच्छा धन अर्जित करने में सफल होंगे। किसी तरह का निवेश करने से पहले अपने बड़ों से सलाह अवश्य लेंगे। मल्टीनेशनल कंपनियों में काम करने वाले जातक अपने टीम के सदस्यों के साथ तालमेल बिठाने में धैर्य से काम लें तो अच्छे परिणाम मिलेंगे।

वृश्चिक राशि:वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन आनंद से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में चीजें आपके अनुकूल रहेंगी। घर में किसी नए मेहमान के आने की संभावना है। व्यापार में लाभ होगा। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। आपकी आर्थिक स्थिति में बड़े सुधार के योग हैं। डिज़ाइनर्स को आज बड़ा लाभ मिलने के योग बन रहे हैं।

धनु राशि: धनु राशि वालों आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज पारिवारिक रिश्ते में अच्छा ताल-मेल बना रहेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत बनेगा। आप अपने किसी क्लाइंट से वीडियो कॉल करके मीटिंग करेंगे। इस राशि के लोगों को आज के दिन कम्प्यूटर से रिलेटेड सामान खरीदना शुभ है। आज आपका रिश्तेदार आपके लिए उपहार लेकर आयेगा।

मकर राशि: मकर राशि वालों आपके लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आपके व्यवसाय में विस्तार के साथ आय के स्त्रोत विकसित होंगे। मैनेजमेंट की पढ़ाई करने वाले छात्रों को आज नई खबर मिल सकती है। जिससे उनका मनोबल ऊंचा होगा और आगे की पढ़ाई में सहयोग मिलेगा। आपका दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग की भावना रहेगी। सेहत संबंधी समस्या है तो उससे छुटकारा मिलेगा। व्यवस्थित दिनचर्या एवं पौष्टिक आहार का पालन करें।

कुम्भ राशि:कुम्भ राशि वालों आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहेगा। कार्यस्थल पर सहकर्मियों के साथ आपका अच्छा बर्ताव आपकी सफलता में सहायक होगा। पदोन्नति के योग बनेंगे। आज आप स्वयं को ऊर्जावान महसूस करेंगे। साझेदारी में व्यापार करने वालों को सफलता मिलेगी। निवेश से लाभ के योग बन रहें हैं। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। लेखन से जुड़े लोगों को शुभ समाचार मिल सकता है।

मीन राशि:मीन राशि वालों आपके लिए दिन खास रहेगा। आज कार्यक्षेत्र में आप अपने अनुभव से अच्छी सफलता हासिल करेंगे। आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। पदोन्नति के योग बनेंगे। संगीत की शिक्षा ले रहे छात्रों को नये अवसर मिलेंगे। आपको कहीं अपनी कला प्रदर्शन का मौका मिल सकता है।

# नशा: राष्ट्र की जड़ों को खोखला करने वाली चुनौती

**– ललित गर्ग**

भारत आज विश्व की सबसे युवा आबादी वाले देशों में अग्रणी है। देश की लगभग 65 प्रतिशत जनसंख्या 35 वर्ष से कम आयु की है। यह युवा शक्ति भारत की सबसे बड़ी सामर्थ्य, सबसे बड़ी पूंजी और उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। विज्ञान, तकनीक, उद्योग, शिक्षा, खेल और नवाचार के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों के पीछे इसी युवा शक्ति का योगदान है। किंतु विडंबना यह है कि आज यही युवा वर्ग नशे के बढ़ते जाल में फंसता जा रहा है। नशा अब केवल व्यक्तिगत कमजोरी या स्वास्थ्य संबंधी समस्या नहीं रह गया है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक स्थिरता, आर्थिक विकास और सांस्कृतिक मूल्यों के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। देश के विभिन्न भागों में समय-समय पर करोड़ों और अरबों रुपये मूल्य के मादक पदार्थों की बरामदगी यह प्रमाणित करती है कि नशे का कारोबार संगठित अपराध का एक विशाल अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क बन चुका है। विशेष रूप से पंजाब, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, गुजरात तथा पूर्वोत्तर राज्यों में सीमापार से होने वाली तस्करी ने स्थिति को और अधिक गंभीर बना दिया है। सुरक्षा एजेंसियों द्वारा लगातार हेरोइन, अफीम, चरस, कोकीन तथा सिंथेटिक ड्रग्स की बड़ी खेपों को पकड़ा जाना इस बात का संकेत है कि भारत को नशे के बड़े बाजार के रूप में देखा जा रहा है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो तथा विभिन्न सरकारी रिपोर्टों के अनुसार देश में लाखों युवा किसी न किसी प्रकार के मादक पदार्थों के सेवन के आदी हैं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा कराए गए एक व्यापक अध्ययन में यह तथ्य सामने आया था कि करोड़ों भारतीय तंबाकू, शराब और अन्य नशीले पदार्थों का सेवन करते हैं तथा उनमें बड़ी संख्या युवाओं की है। चिंता की बात यह है कि स्कूल और कॉलेज स्तर तक नशे की पहुंच बढ़ रही है। अनेक राज्यों में ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां किशोरों को ड्रग्स के वितरण और तस्करी में इस्तेमाल किया गया। नशे के बढ़ते संकट का एक राष्ट्रीय सुरक्षा पक्ष भी है। अनेक सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि पाकिस्तान प्रत्यक्ष युद्ध में लगातार असफल होने के बाद भारत को अस्थिर करने के लिए आतंकवाद, नकली मुद्रा और नशे की तस्करी जैसे छद्म युद्ध के हथियारों का उपयोग करता रहा है। पंजाब में लंबे समय से सीमा पार से ड्रोन और अन्य माध्यमों द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी के मामले सामने आते रहे हैं। अब जम्मू-कश्मीर में भी नशे के बढ़ते प्रभाव को इसी व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखा जा रहा है। आतंकवाद की कम होती गतिविधियों के बीच नशे का फैलाव एक नए खतरे के रूप में उभर रहा है, जिसका उद्देश्य युवा पीढ़ी को कमजोर करना और समाज की ऊर्जा को नष्ट करना है।

इसी संदर्भ में जम्मू-कश्मीर में प्रारंभ किया गया 'नशामुक्त जम्मू-कश्मीर' अभियान महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के नेतृत्व में चल रहा यह अभियान प्रशासनिक कार्रवाई के साथ-साथ सामाजिक सहभागिता पर भी बल देता है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक संगठनों, धार्मिक समूहों तथा आम नागरिकों को जोड़ने का प्रयास किया गया है। कुलगाम सहित कई क्षेत्रों में विभिन्न समुदायों द्वारा इस अभियान को समर्थन दिया जाना इस बात का संकेत है कि नशे जैसी समस्या का समाधान सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। वास्तव में नशे का सबसे दुखद और भयावह प्रभाव युवा पीढ़ी पर पड़ता है। युवा जीवन ऊर्जा, सृजन और सपनों का प्रतीक होता है, किंतु नशा इन सभी संभावनाओं को नष्ट कर देता है। एक बार नशे की गिरफ्त में आने के बाद व्यक्ति धीरे-धीरे अपनी शारीरिक क्षमता, मानसिक संतुलन, आर्थिक स्थिति और सामाजिक प्रतिष्ठा खोने लगता है। उसका आत्मविश्वास कमजोर पड़ जाता है और वह अवसाद, तनाव तथा अपराध की दुनिया की ओर बढ़ सकता है। यही कारण है कि नशा केवल व्यक्ति को नहीं, पूरे परिवार को प्रभावित करता है। परिवार की आर्थिक स्थिति बिगड़ती है, पारिवारिक संबंध टूटते हैं और सामाजिक जीवन में अस्थिरता बढ़ती है। नशे के विस्तार के पीछे केवल तस्करी जिम्मेदार नहीं है। इसके सामाजिक, आर्थिक और मनोवैज्ञानिक कारण भी कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। बेरोजगारी, भविष्य की अनिश्चितता, बढ़ती प्रतिस्पर्धा, पारिवारिक तनाव, सामाजिक विघटन, अकेलापन, मानसिक अवसाद और गलत संगति युवाओं को नशे की ओर धकेलती है। आधुनिक उपभोक्तावादी संस्कृति ने भी कृत्रिम सुख और त्वरित आनंद की मानसिकता को बढ़ावा दिया है। जब जीवन में लक्ष्य, दिशा और सकारात्मक प्रेरणा का अभाव होता है, तब व्यक्ति नशे जैसे विनाशकारी विकल्पों की ओर आकर्षित हो सकता है। नशे और अपराध का संबंध भी अत्यंत गहरा है। अनेक अध्ययनों से यह स्पष्ट हुआ है कि चोरी, लूट, हिंसा, सड़क दुर्घटनाओं और अन्य अपराधों के पीछे नशे की भूमिका बढ़ती जा रही है। नशे की डोज प्राप्त करने के लिए युवा अपराध की राह पर उतर जाते हैं। इससे कानून-व्यवस्था प्रभावित होती है और समाज में असुरक्षा का वातावरण बनता है। सरकारें इस चुनौती से निपटने के लिए अनेक स्तरों पर प्रयास कर रही हैं। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, राष्ट्रीय जांच एजेंसी, सीमा सुरक्षा बल तथा राज्य पुलिस की संयुक्त कार्रवाइयों से कई बड़े ड्रग नेटवर्क ध्वस्त किए गए हैं। पंजाब, राजस्थान, गुजरात और जम्मू-कश्मीर में विशेष अभियान चलाकर तस्करों पर शिकंजा कसा गया है।

इस संदर्भ में सामाजिक और आध्यात्मिक आंदोलनों की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण हो जाती है। कानून भय पैदा कर सकता है, लेकिन जीवन में सकारात्मक परिवर्तन केवल जागरूकता और आत्मानुशासन से ही आता है। आचार्य तुलसी ने अणुव्रत आंदोलन के माध्यम से नशामुक्ति को एक व्यापक सामाजिक अभियान का स्वरूप दिया था। उन्होंने संयम, सदाचार और आत्मनियंत्रण के आधार पर लाखों लोगों को व्यसनमुक्त जीवन की प्रेरणा दी। अनेक क्षेत्रों में उनके अभियान ने उल्लेखनीय परिणाम दिए। आचार्य महाश्रमण ने भी अपनी ऐतिहासिक अहिंसा यात्रा के दौरान भारत और पड़ोसी देशों में लाखों लोगों को नशा त्यागने की प्रेरणा दी। उनकी पदयात्राओं का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य समाज में नैतिक चेतना जगाना और युवाओं को व्यसनमुक्त जीवन की ओर प्रेरित करना रहा। हजारों किलोमीटर की यात्राओं में उन्होंने गांव-गांव और शहर-शहर जाकर लोगों को यह संदेश दिया कि नशामुक्ति केवल स्वास्थ्य की सुरक्षा नहीं, बल्कि आत्मविकास, पारिवारिक सुख और राष्ट्र निर्माण का आधार है।





## अन्नामलाई के इस्तीफे पर भाजपा की प्रतिक्रिया, नैनार नागेंद्रन बोले- पार्टी पर नहीं पड़ेगा कोई असर

### 'भाजपा व्यक्तियों नहीं, विचारधारा के आधार पर चलने वाली पार्टी'

नई दिल्ली (आरएनएस)। तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष के. अन्नामलाई के पार्टी से इस्तीफा देने के बाद राजनीतिक चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। इस बीच तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने स्पष्ट कहा है कि अन्नामलाई के पार्टी छोड़ने से भाजपा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

नागेंद्रन ने कहा कि भाजपा किसी एक व्यक्ति पर आधारित संगठन नहीं है, बल्कि यह एक मजबूत विचारधारा पर चलने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी राजनीतिक राह चुनने और नई पार्टी या आंदोलन शुरू करने का पूरा अधिकार है।

अन्नामलाई के इस्तीफे पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा एक स्थापित राजनीतिक दल है और ऐसे घटनाक्रमों से पार्टी की कार्यप्रणाली या जनाधार पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा की ताकत उसके सिद्धांत और संगठनात्मक संरचना में निहित है।

तमिलनाडु के हितों और अधिकारों को लेकर भाजपा पर लगाए जाने वाले आरोपों का जवाब देते हुए नागेंद्रन ने कहा कि पार्टी लगातार तमिल भाषा और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अपने विदेशी दौरों के दौरान तमिल भाषा, संस्कृति और विरासत का उल्लेख कर उसकी वैश्विक पहचान को मजबूत करने का प्रयास करते हैं।

## रायगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाईः 300 किलो गांजा बरामद, तीन अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

### दो लग्जरी वाहनों समेत 1.86 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त, तस्करी नेटवर्क की जांच तेज

रायगढ़,(आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। लैलूंगा पुलिस ने उड़ीसा से मध्यप्रदेश ले जाई जा रही करीब 300 किलोग्राम गांजा की खेप जब्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान दो लग्जरी वाहन और मोबाइल फोन सहित कुल 1 करोड़ 86 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति जब्त की गई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, उड़ीसा के सोनपुर क्षेत्र से भारी मात्रा में गांजा मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले भेजे जाने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देश पर लैलूंगा पुलिस ने विभिन्न मार्गों पर नाकेबंदी कर सघन जांच अभियान शुरू किया।

कटकलिया मार्ग पर घेराबंदी के दौरान एक इनोवा क्रिस्टा और मारुति सुजुकी एक्सएल-6 को रोककर जांच की गई। जांच के दौरान इनोवा वाहन में दो अलग-अलग नंबर प्लेट लगी मिलीं, जिससे पुलिस का संदेह और गहरा गया। तलाशी लेने पर दोनों वाहनों से बड़ी मात्रा में गांजा बरामद हुआ।

पुलिस ने दोनों वाहनों से कुल लगभग 300 किलो गांजा जब्त किया, जिसकी बाजार कीमत करीब 1.50 करोड़ रुपये आंकी गई है। इसके अलावा तस्करी में इस्तेमाल की जा रही इनोवा क्रिस्टा, मारुति एक्सएल-6 और पांच मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। कुल जब्ती की कीमत लगभग 1.86 करोड़ रुपये बताई गई है।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान निखिल कश्यप निवासी बलरामपुर, रिंकु कश्यप निवासी सरगुजा तथा धर्मेन्द्र कुमार मौर्य निवासी अनूपपुर (मध्यप्रदेश) के रूप में हुई है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।पूछताछ में आरोपियों ने गांजा की खेप मध्यप्रदेश के अनूपपुर में अपने सहयोगियों तक पहुंचाने की जानकारी दी है। इसके बाद पुलिस ने पूरे तस्करी नेटवर्क का पता लगाने के लिए विशेष टीम को मध्यप्रदेश और सरगुजा क्षेत्र में रवाना किया है।

## कोचिंग फायरिंग मामले में बढ़ सकती हैं खान सर की मुश्किलें, पटना पुलिस ने FIR में जोड़ा नाम

पटना (आरएनएस)। पटना में खान ग्लोबल स्टडीज कोचिंग पर फायरिंग मामले में खान सर की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। मामले से जुड़े कई नए वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने बीते रोज दर्ज की गई एफआईआर में फैसल खान (खान सर) का नाम जोड़ दिया है। इसके साथ ही खान सर पर गिरफ्तारी की तलवार लटक गई है। कदमकुआं थाने में आर्म्स एक्ट और झूठी सूचना के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस जांच में जुटी है। टाउन डीएसपी-1 राजेश रंजन ने बताया कि फायरिंग की घटना को लेकर पुलिस को गलत जानकारी दी गई। इसी आधार पर आर्म्स एक्ट और झूठी सूचना देने का मामला दर्ज किया गया है। वहीं दोनों गार्ड को जेल भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि कोचिंग के बाहर हुई फायरिंग के बाद बुलेट के पैलेट को भी छिपाने की कोशिश की गई।2 जून की रात कोचिंग सेंटर पर हुआ था हमला मामला 2 जून की रात खान सर के कोचिंग सेंटर पर हुए हमले से जुड़ा है। इस मामले में खान सर ने कई राउंड गोली चलाए जाने का आरोप लगाया था

# कर्नाटक में डी.के. शिवकुमार को झटका, विभाग बंटवारे से नाराज रामलिंगा रेड्डी ने छोड़ा मंत्री पद; बोले-पार्टी में बना रहूंगा



बेंगलुरू, (आरएनएस)। कर्नाटक सरकार में विभागों के बंटवारे के बाद मंत्री रामलिंगा रेड्डी की नाराजगी खुलकर सामने आ गई है। जल संसाधन (वाटर रिसोर्सेज) विभाग मिलने से असंतुष्ट रेड्डी ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया है कि उनका इस्तीफा केवल मंत्री पद से है, कांग्रेस पार्टी से नहीं। इस्तीफे के बाद रामलिंगा रेड्डी ने कहा, मैं अपनी अंतरात्मा के खिलाफ काम नहीं कर सकता, इसलिए मंत्री पद छोड़ रहा हूं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वह विधायक बने रहेंगे और कांग्रेस पार्टी से उनका नाता कायम रहेगा।

रेड्डी ने कहा कि वह पिछले 53 वर्षों से कांग्रेस से जुड़े हुए हैं और पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा अटूट है। उन्होंने बताया कि उन्होंने कभी किसी से मंत्री पद की मांग नहीं की। उन्होंने याद दिलाया कि वे पूर्व मुख्यमंत्री एम. वीरप्पा मोइली और एस.एम. कृष्णा की सरकारों में भी मंत्री रह चुके हैं और पार्टी ने हमेशा उन पर भरोसा जताते हुए महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी हैं।दरअसल, मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने गुरुवार रात अपने 13 मंत्रियों के बीच विभागों का आवंटन किया था। इस दौरान रामलिंगा रेड्डी को जल संसाधन विभाग की जिम्मेदारी दी गई। हालांकि, सूत्रों के मुताबिक रेड्डी बेंगलुरू विकास विभाग मिलने की उम्मीद कर रहे थे और इसी विभाग पर उनका दावा था। जानकारी के अनुसार, विभागों के आवंटन को लेकर गुरुवार को हुई बैठक के दौरान रेड्डी ने अपनी नाराजगी जाहिर की और बैठक बीच में ही छोड़कर बाहर चले गए। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को वर्ष 2023 में किए गए उस कथित वादे की भी याद दिलाई, जिसमें भविष्य में कैबिनेट फेरबदल होने पर उन्हें बेंगलुरू विकास विभाग सौंपने की बात कही गई थी।

## अन्नामलाई ने किया नई पार्टी बनाने का ऐलान, बोले- भाजपा से राय मेल नहीं खाती थी

नईदिल्ली,(आरएनएस)। तमिलनाडु भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई ने नई पार्टी बनाने का ऐलान किया है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, हम एक नया राजनीतिक आंदोलन शुरू करने जा रहे हैं। बता दें कि आज ही अन्नामलाई ने भाजपा छोड़ी थी। उन्होंने भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन को इस्तीफा सौंपा था, जिसे मंजूर भी कर लिया गया। अन्नामलाई 7 जून को अपने समर्थकों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद आगे की रणनीति का ऐलान कर सकते हैं। अन्नामलाई ने कहा कि वह एक स्वतंत्र राजनीतिक रास्ता अपनाएंगे और तमिलनाडु की राजनीति में एक नई राह बनाने के लिए अकेले संघर्ष करेंगे। उन्होंने कहा, तमिलनाडु को लेकर मेरी राय भाजपा नेतृत्व की राय से मेल नहीं खाती थी। मतभेदों को दूर करने के लिए मैंने पिछले 18 महीनों में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ कई बार बातचीत की थी। अन्नामलाई ने दावा किया कि रजनीकांत ने उनसे साथ मिलकर काम करने का आग्रह किया था।

## दिल्ली हाईकोर्ट से 'कॉकरोच जनता पार्टी' को राहत, प्रदर्शन के खिलाफ याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार

नई दिल्ली, (आरएनएस)। दिल्ली होईकोर्ट ने शुक्रवार को उस याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें कॉकरोच जनता पार्टी द्वारा 6 जून को जंतर-मंतर पर प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन से उत्पन्न होने वाली कानून-व्यवस्था संबंधी चिंताओं को उठाया गया था




हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता को इस मामले में राहत देने से मना कर दिया, जिससे कॉकरोच जनता पार्टी के विरोध प्रदर्शन के आयोजन पर फिलहाल रोक नहीं लग सकी। याचिका में यह दलील दी गई थी कि इस तरह के विरोध प्रदर्शन से सार्वजनिक व्यवस्था बाधित हो सकती है और कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ सकती है।

हालांकि, कोर्ट ने याचिका पर तत्काल सुनवाई की आवश्यकता को नहीं माना और इस संबंध में कोई निर्देश जारी करने से इनकार कर दिया।

इस फैसले से कॉकरोच जनता पार्टी को अपने प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन को आगे बढ़ाने की अनुमति मिल गई है, बशर्ते कि वे सभी आवश्यक अनुमतियां प्राप्त कर लें और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। इस मामले में आगे की सुनवाई के लिए अदालत ने उचित समय पर विचार करने की बात कही है

## दिसंबर 2026 तक 75 लाख घरों में रूफटॉप सोलर लगाने का लक्ष्य : मंत्री प्रह्लाद जोशी



नई दिल्ली, (आरएनएस)। केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आज यहां आयोजित 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के दो साल 1 करोड़ छतों तक सोलर होम का विस्तार' कार्यक्रम के दौरान एक बातचीत में हिस्सा लेते हुए कहा, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ने 2 साल के भीतर ही 40 लाख घरों का आंकड़ा पार कर लिया है, और मुझे उम्मीद है कि दिसंबर 2026 तक हम 75 लाख घरों का आंकड़ा भी पार कर लेंगे। श्री जोशी ने कहा कि यूटिलिटी-लिंक्ड एग्रीगेशन (यूएलए) मॉडल को विशेष रूप से वंचित परिवारों के बीच कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए डिजाइन किया गया है। इस मॉडल के तहत, राज्यों में लगभग 30 लाख रूफटॉप सोलर लगाने की योजना पहले ही बनाई जा चुकी है, जिसमें यूटिलिटी कंपनियां इसे तेजी से अपनाने और क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने बताया कि इस पहल से विशेष रूप से उन परिवारों को फायदा होगा जो 1 किलोवाट से 3 किलोवाट के बीच बिजली की खपत करते हैं, और इससे सस्ती व स्वच्छ ऊर्जा तक अधिक लोगों की पहुंच सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। 65 लाख से अधिक आवेदनों के साथ, इस योजना को पूरे देश में लोगों का ज़बरदस्त समर्थन मिल रहा है और इसे अभूतपूर्व गति मिली है।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत की सौर ऊर्जा क्षमता तेज़ी से बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि पहले 50 गीगावॉट तक पहुंचने में 96 महीने लगे। अगले 50 गीगावॉट के लिए 36 महीने लगे, और 100 गीगावॉट से 150 गीगावॉट तक पहुंचने में सिर्फ 14 महीने लगे। उन्होंने यह भी कहा कि मई 2026, पीएम सूर्यघर मुफ़्त बिजली योजना के शुरू होने के बाद से सबसे अच्छा महीना रहा; इस एक महीने में रिकॉर्ड 3.16 लाख रूफ़टॉप सोलर लगाए गए और सिर्फ एक दिन में 15,000 घर इस योजना से जुड़े।



*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सूरत के हजीरा में चल रहे औद्योगिक कार्यों और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की समीक्षा की।*

## भीषण गर्मी के बीच भारत में मॉनसून ने दी दस्तक, जानें आपके राज्य में कब बरसेंगे बादल

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी से बेहाल देशवासियों के लिए एक बहुत ही शानदार और बड़ी खुशखबरी आई है। लंबे इंतजार के बाद आखिरकार भारत में मॉनसून का आगमन हो गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग



(IMD) ने आधिकारिक घोषणा करते हुए बताया कि दक्षिण-पश्चिम मॉनसून केरल पहुंच चुका है। हालांकि केरल में पिछले कुछ दिनों से लगातार बारिश का दौर जारी था, लेकिन मौसम विभाग ने इसकी पुष्टि अब की है। इस बार मॉनसून अपनी सामान्य तारीख (1 जून) से करीब 4 दिन की देरी से पहुंचा है।मौसम विभाग ने शुरुआती पूर्वानुमान में जताया था कि मॉनसून 26 मई तक ही केरल में दस्तक दे सकता है, जिसमें 4 दिन की देरी या जल्दी की संभावना जताई गई थी। इस लिहाज से माना जा रहा था कि 30 मई तक बारिश शुरू हो जाएगी। लेकिन मॉनसून ने थोड़ा और इंतजार कराया और सामान्य तारीख बीतने के बाद 4 दिन की देरी से केरल के तट पर पहुंचा है।मॉनसून के आते ही केरल के कई हिस्सों में झमाझम बारिश शुरू हो गई है। ढ्ढरूष्ठ ने गुरुवार को केरल के अलप्पुझा, कोट्टायम और एर्नाकुलम जिलों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक, राज्य के कई हिस्सों में बिजली कड़कने के साथ भारी बारिश होने और 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की पूरी संभावना है। इसके अलावा तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, पत्तनमथिट्टा, इडुक्की और त्रिशूर जिलों में भी हल्की से मध्यम बारिश का अलर्ट है।

## ममता को 'सिर्फ सलाहकार' बनाने के प्रस्ताव पर बवाल, टीएमसी के बागी खेमे में फूट के संकेत; आपस में भिड़े विधायक



कोलकाता ,(आरएनएस)। पश्चिम बंगाल की राजनीति में तृणमूल कांग्रेस (TMC) के भीतर जारी सियासी घमासान अब नए मोड़ पर पहुंचता दिख रहा है। पार्टी में बगावत के बाद बने खेमे में ही मतभेद के संकेत सामने आने लगे हैं। ममता बनर्जी की भूमिका को लेकर बागी विधायकों के बीच असहमति उभरने लगी है, जिससे गुट के भीतर फूट की आशंका बढ़ गई है।

बागी खेमे के कई विधायकों ने स्पष्ट किया है कि उनके लिए ममता बनर्जी ही पार्टी की सर्वोच्च नेता हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उन्हें केवल एक सलाहकार की भूमिका तक सीमित करने की कोशिश की गई तो वे इस गुट से अलग होने पर विचार कर सकते हैं।

विवाद की शुरुआत बागी विधायक दल के नेता ऋतब्रत बनर्जी के उस प्रस्ताव से हुई, जिसमें उन्होंने सुझाव दिया था कि ममता बनर्जी विधायक दल की मुख्य सलाहकार की भूमिका निभा सकती हैं। गुरुवार को हुई बैठक में रखे गए इस प्रस्ताव पर कई विधायकों ने आपत्ति जताई। उनका कहना था कि ममता बनर्जी का कद और पार्टी के लिए उनका योगदान उन्हें केवल सलाहकार की भूमिका तक सीमित करने की अनुमति नहीं देता।

पांचला विधानसभा क्षेत्र से विधायक गुलशन मल्लिक ने बैठक के बाद समाचार एजेंसी पीटीआई से बातचीत में कहा, हमें बताया गया था कि पार्टी ममता बनर्जी के नेतृत्व में आगे बढ़ेगी। वह केवल सलाहकार नहीं हैं। हम चाहते हैं कि पार्टी उनके सक्रिय नेतृत्व में ही काम करे। यदि उन्हें सर्वोच्च नेता के रूप में स्वीकार नहीं किया जाता है तो हमें अपने भविष्य को लेकर गंभीरता से विचार करना होगा।

इसी तरह सिताई से विधायक संगीता रॉय बसुनिया ने भी कहा कि ममता बनर्जी उनकी सर्वोच्च नेता हैं और हमेशा रहेंगी। उन्होंने कहा कि पार्टी उनके नेतृत्व में ही आगे बढ़नी चाहिए।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बागी खेमे के भीतर ममता बनर्जी की भूमिका को लेकर उभरा यह मतभेद आने वाले दिनों में और गहरा सकता है। शुरुआत से ही बागी विधायक ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी के बीच स्पष्ट अंतर दिखाने की कोशिश करते रहे हैं। उनका कहना रहा है कि उनका विरोध ममता बनर्जी के नेतृत्व से नहीं, बल्कि विधायक दल और संगठन में अभिषेक बनर्जी के बढ़ते प्रभाव से है।

गौरतलब है कि गुरुवार को 58 विधायकों ने टीएमसी विधायक दल पर अपना नियंत्रण स्थापित करने का दावा किया था और पार्टी से निष्कासित नेता ऋतब्रत बनर्जी को नेता प्रतिपक्ष चुनकर विधानसभा अध्यक्ष से मान्यता भी प्राप्त कर ली थी। इस घटनाक्रम ने पार्टी संगठन और विधायकों के बीच चल रहे तनाव को खुलकर सामने ला दिया है।

# आसाराम को हाईकोर्ट से बड़ी राहत, जेल में बिगड़ी तबीयत तो आयुर्वेद अस्पताल में मिलेगा इलाज

जोधपुर ,(आरएनएस)। यौन उत्पीड़न के मामले में जोधपुर सेंट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम को राजस्थान हाईकोर्ट से एक बड़ी राहत मिली है। जेल में उनकी लगातार बिगड़ती स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए, जस्टिस संजीत पुरोहित की बेंच ने जेल प्रशासन को सख्त निर्देश दिए हैं कि उन्हें तुरंत और उचित चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। इसके साथ ही अदालत ने अपने आदेश में यह भी साफ कर दिया है कि यदि उनकी तबीयत में सुधार नहीं होता है या स्थिति अधिक बिगड़ती है, तो उन्हें आयुर्वेद अस्पताल में अपना इलाज कराने की पूरी छूट दी जाएगी।

### सरकार और जेल प्रशासन से मांगा गया था जवाब

इस अहम मामले में आसाराम की तरफ से अधिवक्ता आर.एस. सलूजा और यशपाल राजपुरोहित ने अदालत में पैरवी की। इससे पहले बुधवार को भी इस मामले पर सुनवाई हुई थी, जो अधूरी रह गई थी। उस दौरान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और जेल प्रशासन से पूछा था कि क्या अदालत के पुराने आदेशों का सही तरीके से पालन किया जा रहा है या नहीं। ज्ञात हो कि पुराने आदेश में अदालत ने आसाराम को समय पर इलाज, आवश्यक



दवाइयां और दिन में एक बार घर का बना खाना देने का निर्देश दिया था। इस पर राज्य सरकार ने अपना विस्तृत जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से थोड़ा समय मांगा था।

जेल में बंद आसाराम की तबीयत मंगलवार शाम को अचानक बहुत ज्यादा खराब हो गई थी। स्थिति को बिगड़ता देख जेल प्रशासन ने बिना कोई देरी किए उन्हें त्वरित इलाज के लिए जोधपुर के आरोग्यं अस्पताल में भर्ती कराया था। इसी ताजा घटनाक्रम को देखते हुए अदालत ने यह नया निर्देश जारी किया है।

### पहले ही रद्द हो चुकी है अंतरिम जमानत

गौरतलब है कि हाल ही में अदालत ने आसाराम को स्वास्थ्य कारणों के आधार पर मिली अंतरिम जमानत की अवधि को और आगे बढ़ाने से साफ इनकार कर दिया था। करीब दो साल से उनकी यह जमानत लगातार बढ़ाई जा रही थी, जिस पर अदालत ने रोक लगा दी। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा था कि इस तरह के गंभीर मामलों में आरोपी के अधिकारों से कहीं ज्यादा पीड़िता का सम्मान, उसकी सुरक्षा और उसे न्याय मिलना जरूरी है।

## दिल्ली विश्वविद्यालय की सहायक प्रोफेसर की फ्लैट के अंदर हत्या, बाहर से बंद था घर

नईदिल्ली(आरएनएस)। दिल्ली के वसुंधरा एनक्लेव इलाके में दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की एक सहायक प्रोफेसर की हत्या कर दी गई है। उनका शव गुरुवार को फ्लैट के अंदर खून से लथपथ हालत में मिला। प्रोफेसर की पहचान 42 वर्षीय देवोस्मिता पॉल के रूप में हुई। वह शिवाजी कॉलेज में अंग्रेजी की सहायक प्रोफेसर थीं और पूर्वी दिल्ली के वसुंधरा एन्क्लेव स्थित सत्यम अपार्टमेंट्स में अकेली रहती थीं। पुलिस को घटना की सूचना देवोस्मिता की बहन देवराती पॉल (49) से मिली थी। मयूर विहार निवासी देवराती ने पुलिस को बताया कि उन्होंने दोपहर ढाई बजे अपनी बहन को कई बार फोन किया, लेकिन उनका फोन नहीं उठा। वह चिंतित होकर अपार्टमेंट पहुंची तो उनके फ्लैट का दरवाजा बाहर से बंद था। उन्होंने अनहोनी की आशंका से सोसाइटी निवासियों की मौजूदगी में फ्लैट का दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया तो कमरे में बिस्तर पर देवोस्मिता का खून से लथपथ शव पाया। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि महिला प्रोफेसर के सिर पर किसी भारी वस्तु से वार किया गया है, जबकि उनकी कलाई और शरीर पर धारदार हथियार से कटने के निशान हैं। पुलिस ने बताया कि घर में जबरन घुसने का कोई सबूत नहीं मिला है, जिससे पता चलता है कि आरोपी महिला को जानता था। महिला फ्लैट में अकेली रहती थी। उनके पति बेंगलुरु में हैं और माता-पिता दिल्ली में ही रहते हैं।

# पुतिन ने भारत को 5वीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान की पेशकश की, बोले- तकनीक भी देंगे

मॉस्को (आरएनएस)। भारत अपनी वायुसेना के लिए 5वीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान के लिए विकल्प तलाश रहा है। अब रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सुखोई एसयू-57 लड़ाकू विमान को लेकर भारत के सामने बड़ा प्रस्ताव रखा है। उन्होंने कहा कि रूस उन्नत स्टील्थ क्षमताओं से लैस एसयू-57 का भारत के साथ संयुक्त रूप से उत्पादन करने के लिए तैयार है। पुतिन ने ये भी कहा कि वे विमान से जुड़ी तकनीकों को भी भारत के साथ साझा करेंगे।

सेंट पीटर्सबर्ग में पुतिन ने कहा, जहां तक एसयू-57 की बात है, हमने अपने भारतीय दोस्तों को प्रस्ताव दिया था, हम इस 5वीं पीढ़ी की तकनीक पर मिलकर काम करने को तैयार हैं। मुझे लगता है कि यह दुनिया में सबसे बेहतरीन है। यह विमान हमारी संयुक्त परियोजना हो सकता है। हम भारत को यह विमान उपलब्ध कराने और इसका विकास जारी रखने के लिए तैयार हैं। हमें कोई समस्या या सीमा नहीं है।



भारत ने पहले एसयू-57 में दिलचस्पी दिखाई थी, लेकिन 2018 में वायुसेना ने कदम पीछे खींच लिए थे। बताया गया था कि यह विमान उसकी जरूरतों को पूरा नहीं करता। हालांकि, हाल में ऐसी कई रिपोर्टें आई हैं कि भारत इस विमान को खरीदने पर फिर से विचार कर रहा है। कुछ रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत 40 से 50 एसयू-57 खरीदने की योजना बना रहा है, लेकिन अभी कुछ पुष्टि नहीं हुई है।एसयू-57 19.8 मीटर लंबा और 4.74 मीटर ऊंचा सिंगल सीट विमान है। 18,000 किलोग्राम वजनी ये विमान अपने साथ 35,000 किलोग्राम वजन लेकर उड़ान भर सकता है। ये 2,100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से एक बार में 3,500 किलोमीटर की दूरी तय करने में सक्षम है। नाटो में इसे फेलन नाम से जाना जाता है और इसे अमेरिका के एफ-35 और चीन के जे-10 विमानों का प्रतिद्वंद्वी माना जाता है।सुखोई की वेबसाइट के अनुसार, एसयू-57 पूरी तरह से नए कॉम्प्लेक्स तकनीकों से लैस है, जिसमें डीपली इंटीग्रेटेड एवियोनिक्स है। इसमें हवा से हवा और हवा से जमीन पर मार करने वाले कई हथियार लगाए जा सकते हैं। एसयू-57 में रडार, इंफ्रारेड और दिखने वाली वेवलेंथ रेंज में कम दृश्यता की वजह से गुप्त हमले करने की क्षमता है।

## ईरान जहाजों से टोल या ट्रांजिट टैक्स नहीं वसूलेगा, अब ले सर्विस फीस

तेहरान,(ए.)। अमेरिका और ईरान के बीच जंग खत्म करने को लेकर बातचीत जारी है, लेकिन इस बीच होर्मुज स्ट्रेट को लेकर नई बहस छिड़ गई है। ईरान ने संकेत दिया है कि वह अब जहाजों से सीधे टोल या ट्रांजिट टैक्स नहीं वसूलेगा। इसके बजाय वह ओमान के साथ मिलकर एक ऐसी व्यवस्था लागू करेगा जिसके तहत जहाजों से नेविगेशन, सुरक्षा और अन्य सेवाओं के बदले फीस ली जाएगी।ईरान के उप-विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने कहा कि उनका देश किसी जहाज से गुजरने के अधिकार के बदले फीस नहीं लेना चाहता है। उन्होंने साफ किया कि प्रस्तावित फीस उन सेवाओं के लिए होगी जो ईरान और ओमान मिलकर मुहैया कराएंगे।

## अंकारा हवाई अड्डे पर पेगासस एयरलाइंस के विमान में धुआं उठा, यात्रियों को स्लाइडर से उतारा

अंकारा,(आरएनएस) तुर्की के अंकारा हवाई अड्डे पर शुक्रवार को बड़ा विमान हादसा टल गया। यहां अंकारा से इजमिर जा रही पेगासस एयरलाइंस के विमान में अचानक धुआं निकलने लगा, जिसके बाद यात्रियों को स्लाइडर से उतारा गया। बताया जा रहा है कि विमान के अंदर एक यात्री ने पावर बैंक चार्ज पर लगाया था, जिसमें शॉर्ट-सर्किट के बाद धुआं उठा था। घटना के समय विमान उड़ान भरने के लिए रनवे की ओर बढ़ रहा था।

घटना के बाद सभी यात्रियों को स्लाइडर की मदद से नीचे उतारा गया। इस दौरान किसी के घायल होने या हताहत होने की खबर नहीं है। हवाई अड्डा अधिकारियों ने विमान की जांच की तो पाया कि केबिन के अंदर धुएं के निशान होने के साथ पावर बैंक के अंदर आग लगने के भी संकेत मिले हैं। घटना ने विमानों में लिथियम-आयन बैटरी उपकरणों से जुड़ी सुरक्षा चिंताओं को उजागर किया है। उपकरण को हटा दिया गया है।

तुर्की के नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने उड़ान सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण 2025 में विमानों में पोर्टेबल पावर बैंक चार्ज करने पर प्रतिबंध लगा दिया था। उसने ऐसे उपकरणों को विमान में ले जाने पर भी प्रतिबंध लगाया है। हालांकि, उसे चेक-इन बैगेज में ले जा सकते हैं। बता दें, पावर बैंक से विमान के अंदर धुआं उठने की कई खबरे सामने आ चुकी हैं। पिछले दिनों हैदराबाद से चंडीगढ़ की इंडिगो उड़ान में भी ऐसा मामला सामने आया था।

## प्रधानमंत्री मोदी पर दबाव डालना नुकसानदेह, ऐसी कोशिशें बेकार होंगी, पुतिन का आपसी रिश्तों पर बड़ा बयान

सेंट पीटर्सबर्ग,(आरएनएस) तुर्की। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत और पीएम मोदी की तारीफ करते हुए उसे एक महान देश बताया. इसके साथ-साथ उन्होंने कहा कि भारत की विदेश नीति का बचाव किया. उन्होंने रूस के साथ सहयोग को लेकर भारत पर दबाव बनाने की अमेरिका की कोशिशों पर मजाक उड़ाते हुए कहा कि ऐसे कदम आपसी और अंतरराष्ट्रीय रिश्तों के लिए नुकसानदायक हैं.

पुतिन ने आगे कहा कि भारत के अमेरिका के संबंधों से रूस के संबंधों को कोई नुकसान नहीं पहुंचता है. सेंट पीटर्सबर्ग इकोनॉमिक फोरम में मीडिया को संबोधित करते हुए पुतिन ने कहा कि हमें खुशी है कि भारत सभी देशों के साथ अपने रिश्ते बेहतर कर रहा है. यह एक महान देश है. सबसे बड़े लोकतंत्र और बढ़ती अर्थव्यवस्था की तारीफ करते हुए पुतिन ने कहा कि यह स्वाभाविक है कि वह (भारत) अपनी अर्थव्यवस्था को उन देशों के साथ अपने हितों के अनुसार विकसित करे जिन्हें वह जरूरी समझता है.उन्होंने आगे कहा कि जब रूस के साथ सहयोग की बात आती है तब अमेरिका भारत पर दबाव बनाने की कोशिश करता है. पुतिन ने कहा कि नरेंद्र मोदी पर दबाव डालना अंतरराष्ट्रीय और द्विपक्षीय संबंधों के लिए नुकसानदायक है. इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह दबाव कौन डालता है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने ऐसी कोशिशें बेकार हैं. उन्होंने आगे बताया कि कैसे भारत और मॉस्को के बीच खास स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप है. मैं इस रिश्ते को ऐसे ही बताता हूं. यह कल या एक या पांच साल पहले नहीं हुआ. यह कुछ ऐसा है जिस पर हम दशकों से काम कर रहे हैं.रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि 1947 में, जब सोवियत संघ ने भारतीय गणराज्य के साथ डिप्लोमैटिक संबंध बनाए, तब से हम एक नए देश, एक नए आजाद देश की स्थापना में मदद करने के लिए सब कुछ कर रहे हैं. मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि भारतीय लोगों की कड़ी मेहनत और टैलेंट की वजह से, भारत ने अपने विकास में बड़ी और जरूरी उपलब्धियां हासिल की हैं. उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि आने वाले दिनों में भारत और रूस के बीच द्विपक्षीय बिजनेस 100 अरब अमेरिकी डॉलर के पार होगा.

## एयरपोर्ट पर खड़े विमान का पहिया टूटा, आगे का हिस्सा गिरा, कई कर्मचारी घायल



फ्रैंकफर्ट,( ए)। फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट पर गेट के पास खड़ा एक यात्री विमान का अगला पहिया टूटने से उसका सामने वाला हिस्सा सीधे जमीन पर जा गिरा। हादसे में कई कर्मचारी घायल हुए हैं। यह घटना तब हुई, जब जर्मन एयरलाइंस लुफ्थांसा के बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर विमान उड़ान की तैयारी में था। उस समय यात्री विमान में सवार नहीं हुए थे, लेकिन क्रू मेंबर और ग्राउंड स्टाफ अंदर मौजूद था।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में विमान का अगला हिस्सा तेजी से नीचे गिरता दिख रहा है। घटना के तुरंत बाद एयरपोर्ट पर इमरजेंसी टीमें पहुंचीं। विमान गिरने से घायल हुए कर्मचारियों का इलाज चल रहा है। यह विमान फ्रैंकफर्ट से लॉस एंजिलिस जाने वाला था। जिस विमान के साथ हादसा हुआ, वह नया बोइंग विमान जनवरी 2026 से ही नियमित सेवा में शामिल हुआ था। फिलहाल हादसे की जांच शुरू कर दी गई है।

## अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में ईरान युद्ध समाप्त करने वाला विधेयक पास, 4 रिपब्लिकन सांसदों का समर्थन

वाशिंगटन,(आरएनएस)। अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी के नेतृत्व वाली प्रतिनिधि सभा ने बुधवार को ईरान युद्ध रोकने के लिए लाए गए प्रस्ताव को पास कर दिया, जिससे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका लगा है। सदन ने 215 के मुकाबले 208 मतों से युद्ध शक्तियों के प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया है। इसके पक्ष में 4 रिपब्लिकन सदस्य भी शामिल रहे। बता दें कि ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी के पास प्रतिनिधि सभा और सीनेट दोनों में मामूली बहुमत है।

अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में प्रस्ताव पास होना काफी हद तक प्रतीकात्मक माना जा रहा है। इसे अभी रिपब्लिकन नियंत्रित सीनेट की मंजूरी जरूरी है। रिपोर्ट के मुताबिक, सीनेट में सफल होने पर भी, ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई पर पूरी तरह से रोक लगने की संभावना नहीं है। इससे पहले सीनेट करीब 7 बार प्रस्ताव लाने का असफल प्रयास किया था। हालांकि, मई में ऐसा एक प्रस्ताव पारित किया, लेकिन अभी तक पूर्ण मतदान नहीं हो पाया है। प्रतिनिधि सभा में लाए गए प्रस्ताव का किसी डेमोक्रेट सांसद ने विरोध नहीं किया, जबकि 7 सदस्यों ने मतदान नहीं किया।

## ट्रंप ने मोदी की प्रशंसा करते हुए भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के संकेत दिए, अच्छा दोस्त बताया



वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए उनको अपना अच्छा दोस्त बताया और भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौते के संकेत दिए। उन्होंने गुरुवार को व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा, हम एक समझौते पर पहुंचेंगे क्योंकि मुझे आपके प्रधानमंत्री बहुत पसंद हैं, वह मेरे अच्छे दोस्त हैं। हमारे बीच अच्छे संबंध हैं। ट्रंप ने दावा किया कि वर्षों तक भारत ने अमेरिका पर उच्च शुल्क लगाया है।

ट्रंप ने पत्रकारों से कहा, सालों तक भारत ने अमेरिका का फायदा उठाया। उन्होंने हम पर भारी टैरिफ लगाए और बदले में कुछ नहीं दिया। अब स्थिति बिल्कुल उलट है और हम भारत से खूब पैसा कमा रहे हैं। उन्होंने अमेरिकी मोटरसाइकिल निर्माता हार्ले-डेविडसन का उदाहरण देकर कहा, उन्होंने हार्ले-डेविडसन को प्रवेश नहीं दिया और 200 प्रतिशत टैरिफ लगाया। दुर्भाग्य से, यह मेरे आने से पहले हुआ। वे यहां मोटरसाइकिल बेचना चाहते थे और हमने उनपर कोई शुल्क नहीं लगाया।

भारत के साथ व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए पिछले दिनों अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधिमंडल नई दिल्ली में था। वे 1 से 4 जून तक रहे। अमेरिकी अधिकारियों ने मुख्य वार्ताकार के नेतृत्व में, भारतीय समकक्षों के साथ वस्तुओं के व्यापार, सीमा शुल्क प्रक्रियाओं, व्यापार सुविधा, गैर-टैरिफ बाधाओं और आर्थिक सुरक्षा सहयोग सहित कई मुद्दों पर बातचीत की। दोनों पक्षों ने चर्चाओं को अच्छा बताया है और पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते की बात कही है।

दोनों देशों के बीच अभी व्यापार समझौते को लेकर बातचीत चल रही है, लेकिन अमेरिका ने भारत पर धारा-301 के तहत की गई जांच के बाद 12.5 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ ठोक दिया है। यह टैरिफ अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय द्वारा धारा-301 के तहत की गई 60 जांचों की रिपोर्ट जारी होने के बाद लगाय गया है।

# फीचर

## आपकी डाइट में शामिल हैं ज्यादा प्रोसेस्ड फूड? इन 5 संकेतों से लगाएं पता



प्रोसेस्ड फूड्स वे खाद्य पदार्थ होते हैं, जिनमें बहुत अधिक रसायन और कृत्रिम तत्व होते हैं। इनका सेवन सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। आइए आज हम आपको 5 संकेत बताते हैं, जो यह बताते हैं कि आपकी डाइट में ज्यादा प्रोसेस्ड फूड्स शामिल हैं और इन्हें पहचानकर आपको अपनी डाइट को संतुलित करने की जरूरत है ताकि आप स्वस्थ रह सकें और ऊर्जा से भरपूर रहें।

### पैकेजिंग पर पोषक तत्वों की जानकारी देखें

अगर आप किसी खाने की चीज को खरीदते समय उसकी पैकेजिंग पर पोषक तत्वों की जानकारी को पढ़ते हैं और उसमें शक्कर, नमक और फैट की मात्रा अधिक है तो समझ जाइए कि वह चीज ज्यादा प्रोसेस्ड है। ज्यादा प्रोसेस्ड फूड्स में ये तत्व अधिक मात्रा में होते हैं, जो सेहत के लिए नुकसानदायक हैं। ऐसे फूड्स का सेवन करने से बचना चाहिए क्योंकि ये शरीर को कमजोर और बीमार कर सकते हैं।

### स्वाद में ज्यादा मीठा होना

अगर आपको लगता है कि कोई भी खाने की चीज स्वाद में ज्यादा मीठी है तो उसे खाने से बचें क्योंकि इसका मतलब है कि उसमें नकली शक्कर का इस्तेमाल किया गया है। नकली शक्कर सेहत के लिए हानिकारक होती है और इससे वजन बढ़ने, मधुमेह जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप ऐसे खाने की चीजों से दूरी बना लें और उनकी बजाय प्राकृतिक मिठास वाली चीजों का सेवन करें।

### बहुत लंबे समय तक खराब न होना

अगर आप किसी खाने की चीज को खरीदते समय उसकी पैकेजिंग पर पोषक तत्वों की जानकारी के साथ-साथ उसकी कितने दिन तक सही रहती है, यह भी देखें। अगर किसी खाने की चीज की शेल्फ लाइफ 6 महीने से ज्यादा है तो समझ जाइए कि उस खाने की चीज में नकली तत्वों का इस्तेमाल किया गया है। ऐसे खाने की चीजों का सेवन करने से बचें क्योंकि इनमें मौजूद रसायन शरीर पर बुरा असर डाल सकते हैं।

### बहुत ज्यादा मसालेदार होना

अगर आप किसी खाने की चीज को खरीदते समय उसकी पैकेजिंग पर पोषक तत्वों की जानकारी के साथ-साथ उसे बनाने में इस्तेमाल मसालों की मात्रा देखें। अगर खाने की चीज में मसालों की मात्रा अधिक होती है तो यह ज्यादा प्रोसेस्ड फूड्स की श्रेणी में आती है। इसमें प्राकृतिक मसालों की जगह नकली मसाले का इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे खाने की चीजों से दूरी बना लें।

### स्वाद में ज्यादा तीखा होना

अगर आप किसी खाने की चीज को खरीदते समय उसकी पैकेजिंग पर पोषक तत्वों की जानकारी के साथ-साथ उसे बनाने में इस्तेमाल नमक की मात्रा देखें। अगर खाने की चीज में नमक की मात्रा अधिक होती है तो यह ज्यादा प्रोसेस्ड फूड्स की श्रेणी में आती है। इसमें प्राकृतिक मसालों की जगह नकली मसाले का इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे खाने की चीजों से दूरी बना लें।

## बेबी डॉल में दिखेगा संघर्ष और सपनों का सफर, नियति फतनानी बोलीं-मनोरंजन की दुनिया का भविष्य है माइक्रो-ड्रामा



मनोरंजन की दुनिया लगातार बदल रही है। जहां कभी लंबे टीवी शोज और दो से तीन घंटे की फिल्में दर्शकों की पहली पसंद हुआ करती थीं, वहीं अब डिजिटल दौर में कंटेंट देखने का तरीका तेजी से बदल रहा है। आज की पीढ़ी कम समय में ज्यादा मनोरंजन चाहती है और यही वजह है कि छोटे वीडियो, वेब सीरीज और माइक्रो-ड्रामा जैसे नए फॉर्मेट तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। इसी बदलते दौर के बीच अभिनेत्री नियति फतनानी अपने नए माइक्रो-ड्रामा शो बेबी डॉल को लेकर चर्चा में हैं।

उन्होंने इस नए फॉर्मेट में काम करने के अनुभव, अपने किरदार और मनोरंजन उद्योग के भविष्य को लेकर खुलकर बात की। नियति फतनानी ने कहा, माइक्रो-ड्रामा में काम करना टेलीविजन शोज से काफी अलग अनुभव है। आज के समय में कलाकारों के लिए जरूरी है कि वे बदलते ट्रेंड के साथ खुद को भी अपडेट रखें। वर्टिकल वीडियो और माइक्रो-ड्रामा आने वाले समय में मनोरंजन की दुनिया का बड़ा हिस्सा बनने वाले हैं। इस फॉर्मेट की सबसे बड़ी खासियत इसकी तेज रफ्तार है। यहां कहानी बहुत कम समय में आगे बढ़ती है और दर्शकों को शुरू से अंत तक बांधे रखने की कोशिश की जाती है। हालांकि यह चुनौतीपूर्ण जरूर है, लेकिन कलाकारों के लिए यह एक नया अवसर भी लेकर आता है।

अभिनेत्री ने कहा, माइक्रो-ड्रामा की दुनिया में काम करने का सबसे बड़ा फायदा यह है कि कलाकारों को अलग-अलग तरह के किरदार निभाने का मौका मिलता है। एक अभिनेता के रूप में यह अनुभव बेहद रोमांचक होता है, क्योंकि हर बार कुछ नया सीखने और दिखाने का अवसर मिलता है। इससे न केवल अभिनय क्षमता बढ़ती है, बल्कि दर्शकों के साथ जुड़ने का तरीका भी और मजबूत होता है।

नए शो में अपने किरदार को लेकर नियति ने बताया, इस कहानी में मैं एक ऐसी लड़की का किरदार निभा रही हूं जो अभिनय की दुनिया में अपना नाम बनाना चाहती है। वह एक संघर्षशील कलाकार है, जिसके बड़े सपने हैं और जो इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने के लिए लगातार मेहनत कर रही है। लेकिन मुंबई जैसे बड़े शहर में रहना आसान नहीं होता। यहां रोजमर्रा के खर्चे, संघर्ष और प्रतिस्पर्धा किसी भी नए कलाकार के सामने बड़ी चुनौती बनकर खड़े हो जाते हैं। नियति ने कहा, कहानी में मेरे किरदार को एक एजेंट सफलता का आसान रास्ता सुझाता है।

## बचपन की यादों में खोई तृप्ति डिमरी, कहा-बहुत मार खाई है

अभिनेत्री तृप्ति डिमरी की फिल्म मां बहन नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है, जिसे लेकर वह उत्साहित हैं। फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त तृप्ति ने अपने बचपन की यादों को ताजा करते हुए मजेदार किस्से सुनाए। तृप्ति ने कहा, मुझे लगता है कि हर किसी को अपने माता-पिता से कभी न कभी तो मार पड़ी होगी। बड़े होते समय मुझे तो काफी मार पड़ी थी। उन्होंने आगे मजाकिया अंदाज में जोड़ा, जिस दिन मुझे मार नहीं पड़ती थी, उस दिन भी मुझे मार पड़ जाती थी... मैं घर जाती थी और कोई कहता था, 'क्या हुआ? तुम आज बहुत खुश लग रही हो।



तृप्ति ने बताया कि बचपन में सजा मिलना उनके लिए आम बात थी, लेकिन आज वे उन दिनों को प्यार से याद करती हैं।

बातचीत के दौरान तृप्ति डिमरी ने कहा कि फिल्म में मौजूद तीनों मुख्य किरदार अपने-अपने तरीके से मजबूत हैं और सभी के हिस्से में बराबर की मुश्किलें और हंगामे आते हैं। उनके अनुसार, फिल्म का परिवार काफी बिखरा हुआ और अव्यवस्थित है, लेकिन यही इसकी सबसे बड़ी खासियत भी है। कहानी में तीनों किरदार एक ऐसी स्थिति में फंस जाते हैं, जहां उन्हें हालात संभालने के लिए लगातार नए तरीके अपनाने पड़ते हैं।

# पोषण की कमी के संकेत देते हैं ये 5 लक्षण, न करें नजरअंदाज

पोषण की कमी शरीर की स्थिति है, जो तब होती है जब शरीर को अपने रोजाना के कामों के लिए जरूरी पोषक तत्व नहीं मिल पाते हैं। पोषण की कमी एक गंभीर समस्या है और इससे शरीर के कई हिस्से प्रभावित हो सकते हैं। आइए आज हम आपको पोषण की कमी के कुछ लक्षण बताते हैं, जिन्हें नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है। इन लक्षणों के आधार पर आप समय पर उपचार कर सकते हैं।

### वजन का कम होना

अगर आपका वजन बिना किसी खास कारण के लगातार कम हो रहा है तो यह पोषण की कमी का एक प्रमुख संकेत हो सकता है। आमतौर पर यह संकेत उन लोगों में अधिक देखने को मिलता है, जो पर्याप्त पोषक तत्व नहीं ले रहे हैं या जिनके खाने में जरूरी विटामिन और खनिज की कमी होती है। इस स्थिति में डॉक्टर से संपर्क करना जरूरी है ताकि सही इलाज मिल सके।

### थकान और कमजोरी महसूस होना

अगर आपको अक्सर थकान और कमजोरी महसूस होती है तो यह भी पोषण की कमी का एक लक्षण हो सकता है, खासतौर से अगर यह लंबे समय तक बनी रहती है और आपकी रोजमर्रा की गतिविधियों को प्रभावित कर रही हो तो इसे नजरअंदाज न करें।



इसके लिए अपनी खाने में अधिक मात्रा में फल, सब्जियां और प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ शामिल करें। इसके अलावा पर्याप्त नींद और नियमित व्यायाम भी जरूरी है।

### त्वचा का रंग पीला पड़ना

अगर आपकी त्वचा का रंग पीला पड़ रहा है और आपको त्वचा पर सूखापन या छिलके पड़ रहे हैं तो यह भी पोषण की कमी का संकेत हो सकता है। खासतौर से विटामिन बी12 की कमी होने पर ऐसा होता है। इसके लिए आपको अपनी खाने में हरी पत्तेदार सब्जियां, दूध, दही, पनीर जैसे खाद्य पदार्थ शामिल करने चाहिए। इसके अलावा सोया उत्पादों का सेवन भी फायदेमंद हो सकता है।

### बालों का झड़ना

अगर आपके बाल तेजी से झड़ रहे हैं या उनकी बढ़त रुक गई है तो यह भी पोषण की कमी का संकेत हो सकता है। खासतौर से विटामिन-डी और आयरन की कमी होने पर ऐसा होता है। इसके लिए आपको अपनी खाने में हरी पत्तेदार सब्जियां, फल, दूध, दही, पनीर जैसे खाद्य पदार्थ शामिल करने चाहिए। इसके अलावा सोया उत्पादों का सेवन भी फायदेमंद हो सकता है।

### बार-बार बीमार पड़ना

अगर आप बार-बार बीमार पड़ रहे हैं या आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो रही है तो यह भी पोषण की कमी का संकेत हो सकता है। खासतौर से विटामिन-सी और जिंक की कमी होने पर ऐसा होता है। इसके लिए आपको अपनी खाने में संतरा, नींबू, पपीता आदि फल शामिल करने चाहिए। इसके अलावा अखरोट, बादाम, काजू आदि सूखे मेवे भी फायदेमंद हो सकते हैं। साथ ही दही, पनीर और सोया उत्पादों का सेवन भी जरूरी है।

## क्षेत्रों की शांति व आर्थिक प्रगति से बौखलाई कांग्रेस : भाजपा

रायपुर, (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कांग्रेस नेतृत्व पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि कांग्रेस ने हमेशा आदिवासियों का इस्तेमाल सिर्फ एक 'वोट बैंक' की तरह किया है। आज जब बस्तर और आदिवासी क्षेत्रों में शान्ति लौट रही है और आर्थिक प्रगति हो रही है, तो कांग्रेस इसे पचा नहीं पा रही है और अब क्षेत्र में 'अर्बन नक्सलवाद' को बढ़ावा देने में जुट गई है। श्री ठाकुर ने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बस्तर के आर्थिक और समग्र विकास के लिए सिर्फ 5 साल का वक्त मांगा है। भाजपा सरकार बस्तर के जल, जंगल और जमीन पर आदिवासियों के हक को मजबूत करते हुए वहाँ विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री ठाकुर ने गुरुवार को यहाँ एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में प्रेस ब्रीफिंग में कांग्रेस पर 'टूलकिट एजेण्डा' चलाने और अर्बन नक्सलवाद को बढ़ावा देने का सीधे शब्दों में आरोप लगाते हुए कहा कि बस्तर अंचल से नक्सलियों के खात्मे के बाद अब कांग्रेस एक नई साजिश रच रही है। कांग्रेस ने एक विशेष टूलकिट तैयार की है, जिसके जरिए वे आदिवासी क्षेत्रों में भ्रम और अशांति फैलाकर 'अर्बन नक्सलवाद' को दोबारा हवा दे रहे हैं। कांग्रेस कभी नहीं चाहती कि आदिवासी समाज के जीवन में आर्थिक समृद्धि आए या उनके रहन-सहन के स्तर में सुधार हो। बस्तर में आर्थिक क्रांति और स्थानीय रोजगार के अवसरों में इजाफे की दिशा में किए जा रहे कार्यों की चर्चा करते हुए श्री ठाकुर ने बताया कि बस्तर क्षेत्र में मिलने वाली 'मीठी इमली' (जो पूरे एशिया में केवल इसी क्षेत्र में पाई जाती है), महुआ और बाँस के लिए विशेष फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स और प्लांट्स लगाए जा रहे हैं।

### पीएम स्वनिधि महोत्सव : महापौर ने कोरबा जोन में आयोजित स्वनिधि महोत्सव शिविर का किया निरीक्षण

कोरबा (आरएनएस)। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजूपत ने कोरबा जोन कार्यालय में आयोजित पीएम स्वनिधि महोत्सव शिविर का निरीक्षण किया, शिविर में पहुंचे हितग्राहियों से भेंटकर उनके ऋण प्रकरणों व जमा किये गये आवेदनों पर चर्चा की। उन्होने अधिकारियों एवं बैंकर्स को निर्देशित करते हुये कहा कि पूर्व में लंबित सभी आवेदनों का निराकरण कराते हुये सभी पात्र हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित करें तथा शिविर में हितग्राहियों द्वारा जमा किये जा रहे आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुये उन्हें योजना का लाभ दिलवायें। इस अवसर पर सभापति नूतन सिंह ठाकुर, पार्षद युगल कैवर्त, ईश्वर पटेल, रूबीदेवी सागर, आरती सिंह, नोडल अधिकारी पवन वर्मा आदि सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय नवा रायपुर अटलनगर से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत विभिन्न तिथियों में स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, इसके तहत प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजनांतर्गत शहरी पथ विक्रेताओं एवं असंगठित श्रमिकों को वित्तीय समावेशन डिजिटल सशक्तिकरण एवं सामाजिक सुरक्षा लाभों से जोड़ने तथा पथ विक्रेताओं के लिये सूक्ष्म ऋण पहुंच, सामाजिक कल्याण सुनिश्चित करने आदि से जुड़े विविध कार्य किये जा रहे हैं, इसी कड़ी में निगम के कोरबा जोन कार्यालय में शिविर आयोजित किया गया। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजूपत ने पीएम स्वनिधि महोत्सव शिविर का निरीक्षण किया, शिविर में पहुंचे हितग्राहियों से भेंट मुलाकात की, उनके ऋण प्रकरणों व जमा कराये गये आवेदनों पर चर्चा की। महापौर श्रीमती राजपूत ने अधिकारियों एवं बैंकर्स को निर्देशित करते हुये कहा कि पूर्व में लंबित सभी आवेदनों का निराकरण कराते हुये सभी पात्र हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित करें तथा आज के शिविर में हितग्राहियों द्वारा जमा किये जा रहे आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुये उन्हें योजना का लाभ दिलवायें।

## हर पौधा बनेगा एक स्मृति, हर वृक्ष रचेगा हरित विरासत की नई कहानी : सीईओ राजेश कुमार सिंह




कोरबा (ए)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बालको टाउनशिप में 'स्मृति उद्यान' का शुभारंभ किया। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार सिंह ने फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। इसके उपरांत 100 से अधिक प्रतिभागियों ने अमलतास के पौधे रोपे। इस अवसर पर बालको के वरिष्ठ अधिकारी, यूनियन के पदाधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में उनके परिवारजन उपस्थित रहे। 'स्मृति उद्यान' केवल एक पौधारोपण पहल नहीं है, बल्कि एक ऐसा भावनात्मक मंच है, जहां प्रत्येक पौधा उन प्रियजनों को समर्पित किया गया जिन्होंने जीवन को प्रेम, मार्गदर्शन और प्रेरणा से समृद्ध किया। वृक्ष केवल प्रकृति का उपहार नहीं हैं, बल्कि जीवन, आशा और निरंतरता के प्रतीक भी हैं। आज लगाया गया एक पौधा आने वाले वर्षों में छाया, स्वच्छ वायु और पर्यावरण संरक्षण का माध्यम बनेगा।

बालको के सीईओ एवं निदेशक राजेश कुमार सिंह ने कहा कि स्मृति उद्यान हमारे प्रियजनों की यादों को प्रकृति के माध्यम से सहेजने का एक अनूठा प्रयास है। यहाँ लगाया गया प्रत्येक पौधा अपने साथ एक व्यक्तिगत कहानी, एक भावना और एक स्मृति लेकर बढ़ेगा। आज रोपे गए अमलतास के पौधे स्मरण और प्रकृति के बीच एक स्थायी संबंध का प्रतीक हैं। यह पहल केवल वृक्षारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि जैव विविधता के संरक्षण, पर्यावरणीय संतुलन और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित एवं सस्टेनेबल भविष्य के निर्माण की दिशा में हमारा दीर्घकालिक निवेश है।

स्मृति उद्यान में औषधीय गुणों से भरपूर अमलतास के पौधे लगाए गए हैं, जो आने वाले वर्षों में अपने आकर्षक सुनहरे पीले पुष्पों से टाउनशिप की सुंदरता को और बढ़ाएंगे। यह न केवल प्राकृतिक सौंदर्य को बढ़ाता है, बल्कि मधुमक्खियों एवं तितलियों जैसे परागणकर्ताओं को आकर्षित कर जैव विविधता के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह वृक्ष पर्यावरणीय स्थिरता एवं जलवायु अनुकूलन के लिए भी उपयोगी माना जाता है।कार्यक्रम के दौरान पौधारोपण में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाणपत्र तथा उनके घरों एवं आसपास लगाए गए पौधों की देखभाल को प्रोत्साहित करने के लिए जैविक खाद भी वितरित की गई।

## 22 लाख की यात्री बस चोरी, कुछ घंटों में आरोपी गिरफ्तार

कोरबा (आरएनएस)। कोरबा पुलिस ने सजग कोरबा, सतर्क कोरबा अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 22 लाख रुपये मूल्य की चोरी गई यात्री बस को कुछ ही घंटों में बरामद कर लिया है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार 3 जून को नया बस स्टैंड से बस क्रमांक सीजी-10 जी-1601 चोरी होने की सूचना मिली थी। शिकायत मिलते ही चैकी सीएसईबी रामपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान बस के कंडक्टर ने चोरी गई बस और आरोपी की पहचान कर उसे कोहड़िया के पास पकड़ लिया।

### ग्रीष्मकालीन खेल शिविर के तहत एचटीपीएस के सीनियर क्लब में ताइक्वांडो का प्रशिक्षण शुरू

कोरबा(आरएनएस)। गर्मी की छुट्टियों को खेल और प्रतिभा के उत्सव में बदलते हुए कोरबा जिला में 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर की शुरूआत हो चुकी है। एक जून से हसदेव ताप विद्युत संयंत्र (एचटीपीएस) कोरबा पश्चिम में जिला प्रशासन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग संयुक्त तत्वावधान में रविंद्र सांस्कृतिक भवन (सीनियर क्लब) परिसर कोरबा पश्चिम में ताइक्वांडो खेल प्रशिक्षण शुरू हो चुका है। इस खेल आयोजन के लिए हसदेव ताप विद्युत संयंत्र की ओर से जिला प्रशासन को बच्चों के लिए ताइक्वांडो खेल किट उपलब्ध कराए गए हैं।

प्रशिक्षक लोकेश राठौर के अनुसार शिविर का उद्देश्य बच्चों और युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ना, उनकी प्रतिभा को मंच देना और प्रतिस्पर्धी खेलों के लिए तैयार करना है। ताकि भविष्य में अधिक खिलाड़ी प्रतिस्पर्धी स्तर तक पहुंच सकें। इस खेल प्रशिक्षण का आयोजन 12 जून 2026 तक किया जाएगा।

## सलाखों के पीछे से शिक्षा की उड़ान,आजीवन कारावास बंदी ने 12वीं में किया टॉप प्रदर्शन




रायपुर (ए.)। शिक्षा केवल ज्ञान का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन को नई दिशा देने वाली वह शक्ति है जो कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी उम्मीद की रोशनी जगाती है। केन्द्रीय जेल दुर्ग में ऐसी ही एक प्रेरणादायी कहानी सामने आई है, जहां आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे बंदी विमल ने शिक्षा के बल पर अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाते हुए सफलता का नया अध्याय लिखा है।

भिलाई के सुपेला निवासी विमल वर्ष 2018 से तात्कालीन भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के अंतर्गत आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे थे। जेल आने के समय वे अशिक्षित थे, लेकिन शिक्षा के महत्व को समझते हुए उन्होंने स्वयं को बदलने का संकल्प लिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग के मार्गदर्शन और जेल प्रशासन के सहयोग से उन्होंने केन्द्रीय जेल दुर्ग में संचालित पाठशाला में अध्ययन प्रारंभ किया।सीमित संसाधनों और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद विमल ने हार नहीं मानी। उन्होंने कक्षा पहली से अपनी पढ़ाई शुरू की और निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर कक्षा 12वीं तक की शिक्षा पूरी की। उनकी मेहनत तब रंग लाई जब उन्होंने कक्षा 12वीं की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की तथा अंग्रेजी विषय में डिस्टिंक्शन प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। विमल की यह सफलता केवल परीक्षा में प्राप्त अंकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आत्मविश्वास, आत्मसुधार और पुनर्वास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## जेल में नक्सल कैदी बाथरूम में फिसला, उपचार के दौरान हुई मौत



जगदलपुर (ए.)। केंद्रीय जेल जगदलपुर में नक्सल मामले में सजा काट रहा एक कैदी रमेश कुंजाम 35 वर्ष बीती गुरूवार रात बाथरूम में फिसलकर गिर गया। जिससे उसके सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसे उपचार के लिए महारानी अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान कैदी ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिजनों को मामले की जानकारी दे दिया गया है। कोतवाली थाना प्रभारी लीलाधर राठौर ने बताया कि बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र के ग्राम लिंगापुर में रहने वाला रमेश कुंजाम 35 वर्ष नक्सल मामले में सजा काट रहा था, जिस पर 3 नक्सल मामले चल रहे थे। नक्सल मामले होने के कारण रमेश को केंद्रीय जेल दंतेवाड़ा में रखा गया था। लेकिन नवंबर 2025 में उसे जगदलपुर जेल में शिफ्ट कर दिया गया था। गुरुवार की रात को रमेश बाथरूम करने के लिए गया हुआ था। जहां बाथरूम में बिखरे पानी में उसका पैर फिसल गया और गिर पड़ा। रमेश की आवाज को सुनकर अन्य कैदियों ने उसे जेल प्रहरियो की मदद से महारानी अस्पताल उपचार के लिए ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में मृतक के परिजनों को सूचना दे दिया गया है।

# खेल समाचार

## लॉर्ड्स टेस्टः इंग्लैंड के खिलाफ न्यूजीलैंड की पारी भी लड़खड़ाई, ऐसा रहा पहला दिन

नईदिल्ली, (आरएनएस)। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट में इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बल्लेबाजों ने निराश किया और उनकी पहली पारी सिर्फ 140 रन पर ही सिमट गई। जवाब में पहले दिन के खेल की समाप्ति तक न्यूजीलैंड की पारी भी लड़खड़ा गई। स्टंप्स की घोषणा तक न्यूजीलैंड ने 61 रन तक अपने 6 विकेट गंवा दिए। इस समय क्रीज पर ग्लेन फिलिप्स (31) और नाथन स्मिथ (6) मौजूद हैं। आइए पहले दिन के खेल पर एक नजर डालते हैं।

इंग्लैंड से पारी की शुरुआत करने आए एमिलियो गे सिर्फ 8 रन बनाकर आउट हुए। वह अपने टेस्ट डेब्यू में प्रभावित नहीं कर सके। इसके बाद बेन डकेट (19) भी जल्दी पवेलियन लौट गए। लगातार गिर रहे विकेटों के बीच जैकब बेथेल (1) भी आउट हुए। संकट की घड़ी में टीम को जो रूट से अच्छी पारी की उम्मीद थी, लेकिन वह सिर्फ एक रन बनाकर आउट हुए।

जब 13वें ओवर में इंग्लैंड का स्कोर 33/3 था, तब ब्रूक मैदान पर आए। जल्द ही इंग्लैंड का स्कोर 55/5 हो गया था। ऐसे में संकट की घड़ी में ब्रूक ने अपने टेस्ट करियर का 16वां अर्धशतक लगाया। खास बात यह है कि अपनी पारी के दौरान ब्रूक को 2 बार जीवनदान मिले। डेवोन कॉनवे और रचिन रविंद्र ने इस इंग्लिश बल्लेबाज के कैच छोड़े। वह 71 गेंदों में 56 रन बनाकर आउट हुए।

## चानू की नजरे अगले माह होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों पर लगीं



नई दिल्ली (ए.)। भारत की ओलंपिक पदक विजेता और स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू का ध्यान अब 23 जुलाई से 2 अगस्त तक ग्लासगो में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों पर है। इन खेलों में वह अपने पसंदीदा 48 किग्रा वर्ग में उतरेंगी, जहां उन्हें स्वर्ण पदक का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। राष्ट्रमंडल खेलों में उनका प्रदर्शन हमेशा ही बेहतरीन रहा है और वह एक बार फिर पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल करने की उम्मीद कर रही हैं। हाल ही में मोदीनगर में हुई राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उन्होंने कुल 205 किग्रा (89 किग्रा स्नैच और 116 किग्रा क्लीन एंड जर्क) भार उठाकर 48 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था, जो उनके फॉर्म को दर्शाता है। राष्ट्रमंडल खेलों के बाद, चानू अक्टूबर में होने वाले एशियाई खेलों पर ध्यान केंद्रित करेंगी। एशियाई खेल उनके लिए एक नई चुनौती पेश करेंगे, क्योंकि इस टूर्नामेंट के लिए उन्हें 53 किग्रा वर्ग में उतरना होगा। इसके लिए उन्हें अपना वजन भी बढ़ाना होगा, जो किसी भी भारोत्तोलक के लिए एक महत्वपूर्ण समायोजन होता है। दिलचस्प बात यह है कि अपने शानदार करियर के बावजूद, मीराबाई चानू ने अब तक एशियाई खेलों में कोई पदक नहीं जीता है, जिससे यह उनके लिए एक विशेष प्रेरणा का स्रोत है।यह साल 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए पहला क्वालीफाइंग टूर्नामेंट होने के कारण और भी अहम माना जा रहा है। एशियाई खेलों का प्रदर्शन न केवल पदक के लिए, बल्कि ओलंपिक क्वालीफिकेशन प्रक्रिया की शुरुआत के लिए भी महत्वपूर्ण होगा। मीराबाई की अनुपस्थिति से एशियाई चैम्पियनशिप में उनकी जगह कोमल कोहर को शामिल किया जा सकता है, जिससे उन्हें भी अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। मीराबाई चानू अब पूरी तरह से अपनी चोट से उबरने और ग्लासगो व आइची-नागोया ( में होने वाले बड़े मुकाबलों के लिए अपनी तैयारी पर ध्यान केंद्रित करेंगी, ताकि वह एक बार फिर भारत को गौरवान्वित कर सकें।

## भारतीय खिलाड़ियों के विदेशी लीगों में खेलने पर होगी और सख्ती, बीसीसीआई ने बनाई खास योजना

नईदिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) विदेशाी लीगों में खेलने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले खिलाड़ियों के खिलाफ सख्ती बरतने की तैयारी कर रहा है। इसके तहत वह सेवानिवृत्ति नीति बनाने की तैयारी कर रहा है। हाल ही में एपेक्स काउंसिल की बैठक में इस गंभीर मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की गई। बोर्ड इस बात से चिंतित है कि भारतीय क्रिकेटर्स विदेशी लीगों के आकर्षक प्रस्तावों के कारण समय से पहले संन्यास ले रहे हैं।

बीसीसीआई के अनुसार, विजय शंकर विदेशी लीगों में खेलने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का ताजा उदाहरण है। उन्होंने हाल ही में भारतीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की और लगभग तुरंत ही लंका प्रीमियर लीग में खेलने के लिए उपलब्ध हो गए। इसके कुछ समय बाद उन्हें 2026 सीजन के लिए कैंडी रॉयल्स से करार मिल गया। इससे पहले दिनेश कार्तिक, युवराज सिंह, उन्मुक्त चंद, प्रवीण तांबे और इरफान पठान भी ऐसा कर चुके हैं।

एपेक्स काउंसिल की बैठक में विदेशी लीगों के प्रति खिलाड़ियों के बढ़ते झुकाव को रोकने के लिए 5 साल का कूलिंग-ऑफ पीरियड लाने पर चर्चा हुआ है। हालांकि, इसका अंतिम फैसला बीसीसीआई सचिव पर छोड़ा गया है। कूलिंग-ऑफ पीरियड के बाद अगर कोई भारतीय खिलाड़ी संन्यास लेकर सीधे विदेशी लीगों में खेलने जाता है, तो उस पर भारतीय क्रिकेट सिस्टम में वापस लौटने पर कम से कम 5 साल का प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

इस कड़े कदम का उद्देश्य खिलाड़ियों को यह संदेश देना है कि वो संन्यास का फैसला बहुत सोच-समझकर लें। बोर्ड चाहता है कि देश की अहम प्रतिभाएं और अनुभवी खिलाड़ी ज्यादा समय तक भारतीय घरेलू ढांचे और इंडियन प्रीमियर लीग की प्रतिष्ठा को बनाए रखने में अपना योगदान दें। हालांकि, इस नीति पर आखिरी मुहर लगाने और इसके कानूनी पहलुओं को जांचने की जिम्मेदारी बीसीसीआई के अध्यक्ष और सचिव को ही सौंपी गई है।

बीसीसीआई के नियमों के मुताबिक, कोई भी सक्रिय भारतीय क्रिकेटर चाहे वो अंतरराष्ट्रीय, घरेलू क्रिकेट या आईपीएल खेल रहा हो, उसे विदेशी लीग में खेलने की इजाजत नहीं है। खिलाड़ी सिर्फ तभी विदेशी लीगों का रुख कर सकते हैं जब वो भारतीय क्रिकेट के सभी प्रारूप और आईपीएल से पूरी तरह संन्यास ले लें। इसी नियम का फायदा उठाकर हाल के दिनों में कई खिलाड़ियों ने संन्यास लेते ही विदेशी टीमों के साथ करार किया है।

## भारत बनाम अफगानिस्तानः एकमात्र टेस्ट मुकाबले का प्रीव्यू और जरुरी आंकड़े, जानिए कैसी होगी पिच

नईदिल्ली, (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम शनिवार (6 जून) से अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच खेलने उतरेगी। यह मुकाबला न्यू चंडीगढ़ के मुल्लांपुर स्थित महाराजा यादवेन्द्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। शुभमन गिल की कप्तानी में मेजबान टीम अपनी चुनौती पेश करना चाहेगी। यह मैच मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंतर्गत नहीं आएगा, क्योंकि अफगान टीम इसका हिस्सा नहीं है। इस बीच आइए इस मुकाबले की जरूरी बातों पर नजर डालते हैं।

अब तक ये दोनों टीमें टेस्ट में एक बार (2018) आपस में भिड़ी थी, जिसे भारत ने पारी और 262 रन से जीता था। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुए उस मैच में मेजबान ने अपनी पहली पारी में 474 रन बनाए थे, जिसमें मुरली विजय और शिखर धवन ने शतक लगाए थे। जवाब में अफगान टीम की पहली पारी 109 रन पर सिमटी थी। इसके बाद फॉलऑन खेलते हुए मेहमान टीम दूसरी पारी में 103 रन पर ढेर हुई थी।

एकमात्र टेस्ट में भारतीय टीम अपनी बल्लेबाजी को मजबूत करना चाहेगी। ऐसे में वह नंबर-3 के लिए आईपीएल 2026 में शानदार प्रदर्शन करने वाले देवदत्त पडिक्कल को मौका दे सकती है। टीम को यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल की सलामी जोड़ी भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। भारत की संभावित प्लेइंग इलेवनः केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, देवदत्त पडिक्कल, शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्ष दुबे/मानव सुथार, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा।

## वैभव का आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए चयन तय




### अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय बनेंगे

मुम्बई (ए.)। 15 साल के भारते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टी20 टीम में चुना जाना तय नजर आ रहा है। वैभव ने पिछले कुछ समय में जैसी बल्लेबाजी की है। उससे उनको टीम से बाहर रखना संभव नजर नहीं आता। इंडियन प्रीमियर लीग वैभव ने सबसे ज्यादा रन बनाकर ऑरेंज कैप जीतकर अपने को साबित कर दिया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ( बीसीसीआई) चयनकर्ता शनिवार शनिवार को मुंबई में होने वाली बैठक में टीम चयन के दौरान ही उनके नाम पर भी मोहर लगा सकते हैं। माना जा रहा है कि उन्हें इन दोनों टीमों के लिए शामिल किया जाएगा।

वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार, वैभव को पहली बार टीम इंडिया में मौका मिलने जा रहा है। चयनकर्ता 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक और उसी साल ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में होने वाले टी20 विश्वकप को देखते हुए टीम तैयार कर रहे हैं।

वैभव ने आईपीएल से पहले अंडर 19 विश्वकप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार जीता था। इसके अलावा घरेलू क्रिकेट में भी अच्छा प्रदर्शन किया था। आईपीएल में उन्होंने 237.30 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की और 16 मैचों में कुल 776 रन बनाकर टूर्नामेंट में सबसे कम उम्र में ऑरेंज कैप जीत का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने 16 मैचों में 72 छक्के लगाए। यह किसी भी खिलाड़ी द्वारा टी20 सीरीज या टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा हैं। वैभव की आक्रामक बल्लेबाजी को सचिन तेंदुलकर, पैट कमिंस सहित कई अन्य दिग्गज खिलाड़ियों ने भी प्रशंसा की है।

## पाकिस्तान ने तीसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया को हराया, 2-1 से जीती सीरीज

नईदिल्ली,(ए.) पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने तीसरे वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम को 4 विकेट से हराया। लाहौर में खेले गए मैच में मेहमान टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सभी विकेट खोकर 157 रन बनाए। जवाब में मेजबान टीम ने 42वें ओवर में लक्ष्य हासिल किया। इस जीत के साथ ही पाकिस्तान ने 3 मैचों की सीरीज को 2-1 से अपने नाम किया। आइए मैच में बने रिकॉर्ड्स पर एक नजर डालते हैं। ऑस्ट्रेलिया से मैथ्यू शॉर्ट (0) अपना खाता भी नहीं खोल सके। इसके बाद मार्नस लाबुशेन (19), एलेक्स कैरी (19) और कैमरून ग्रीन (7) भी जल्दी आउट हुए। लगातार गिर रहे विकेटों के बीच जोश इंग्लिस (65) ने अर्धशतक लगाया। ऑस्ट्रेलियाई पारी सिर्फ 42 ओवर में ही सिमट गई। जवाब में साहिबजादा फरहान (6) और माज सदाकत (27) भी जल्दी आउट हुए। इसके बाद बाबर आजम (40) और शादाब खान (29*) ने उपयोगी योगदान देकर जीत दिलाई।ऑस्ट्रेलिया से पारी की शुरुआत करते हुए इंग्लिस ने अपने वनडे करियर का छठा अर्धशतक लगाया। यह पाकिस्तान के खिलाफ उनका दूसरा ही अर्धशतक साबित हुआ। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने 71 गेंदों का सामना करते हुए 65 रन बनाए। अपनी इस अर्धशतकीय पारी में उन्होंने 8 चौके और एक छक्का लगाया।

## पोलैंड की माजा च्वालिंस्का फ्रेंच ओपन टेनिस के फाइनल में पहुंची

**खिताबी मुकाबले में एंड्रीवा का सामना करेंगी**



पेरिस (ए)। पोलैंड की माजा च्वालिंस्का ने फ्रेंच ओपन टेनिस 2026 के फाइनल में पहुंच गयी हैं। च्वालिंस्का ने इसी के साथ ही एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है। इसी के साथ ही वह किसी ग्रैंड स्लैम के खिताब मुकाबले में पहुंचने वाली पहली क्वालिफायर खिलाड़ी बन गयी हैं। च्वालिंस्का ने महिला एकल सेमीफाइनल में रूस की डायना श्नाइडर को दो घंटे से अधिक समय तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में सीधे सेटों में 7-6(4), 6-4 से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनायी। च्वालिंस्का ने इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल नौ मैच जीते हैं। इनमें तीन मैच क्वालिफाइंग और छह मैच मुख्य ड्रॉ के हैं। इस प्रकार वह ओपन युग में किसी ग्रैंड स्लैम फाइनल तक पहुंचने वाली केवल दूसरी क्वालिफायर बनी हैं। इससे पहले, यह रिकार्ड ब्रिटेन की महिला टेनिस स्टार एम्मा राडुकानू ने साल 2021 अमेरिकी ओपन में किया था। सेमीफाइनल मुकाबले में च्वालिंस्का ने अपने अच्छे प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया।

# पावर मेक प्रोजेक्ट लि. वेलोसिटी माइनिंग रेत कंपनी द्वारा एक पेड़ मां के नाम किए पौधरोपण

## क्षेत्र में हरियाली और बेहतर पर्यावरण के लिए लगाए औषधीय, फलदार, छायादार पौधे






नर्मदापुरम (निप्र)। पर्यावरण दिवस के मौके एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत व्यापक पौधारोपण, स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण गतिविधियां तथा पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम पावर मेक प्रोजेक्ट लिमिटेड वेलोसिटी माइनिंग रेत कंपनी नर्मदापुरम द्वारा आयोजित किया गया। जिसकी शुरुवात बांद्राभान रोड दिवस बसेरा, धानाबढ़ रोड, रायपुर ग्राम शासकीय विद्यालय, जासलपुर प्राथमिक विद्यालय, निमसाडिया ग्राम पर शासकीय विद्यालय ग्राम मेहरागांव में रेत कंपनी द्वारा नर्मदापुरम जिले में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस को खास तरीके से मनाने के लिए कंपनी ने 1000 सदाबहार फलदार पेड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा था। यह कदम आसपास के क्षेत्रों को हरा भरा बनाने ओर पर्यावरण के लिए बेहतर बनाने के उद्देश से उठाया गया है। पिछले वर्ष भी कंपनी द्वारा कुलामड़ी रोड पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत कंपनी द्वारा जिले मे 1000 फलदार पौधे लगाए गए थे जिसमे पौधो के साथ ट्री गार्ड भी लगाए गए थे । जिससे व्रक्षो का रखरखाव भी सही से हो पाए यह भी ध्यान रखा गया है। जो पौधे लगाए गए उनमें अमरूद, आम,जामुन, नीम, पीपल, अशोक, आंवला, गुलमोहर, करंज, बादाम, सप्तकर्णी के पौधे मुख्यत: लगाए गए । इस अवसर पर कंपनी के प्रतिनिधि मुकेश तिवारी, जिला खनिज अधिकारी देवेश मरकाम, मध्यप्रदेश माइनिंग कोरपोरेशन के पधाधिकारी गोपाल सिंह, रायपुर सरपंच सनी मिश्रा, जासलपुर सरपंच प्रतिनिधि दीपक मेहरा, निमसाडिया सरपंच बलवंत पटेल, मेहरागांव सरपंच कोदूराम ओर कंपनी के समस्त कर्मचारीगण मौजूद रहे।

खनिज अधिकारी देवेश मरकाम ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि सतत प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण से पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, जैव विविधता के संरक्षण तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण योगदान मिलता है। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की।रेत कंपनी ठेकेदार प्रतिनिधि मुकेश तिवारी द्वारा यह बताया गया कि अभी तो यह शुरुवात है बारिश के मौसम के पहले तक नियमित रूप से अलग अलग जगह पर पौधारोपण का कार्य किया जाता रहेगा। जिले में समय समय पर कंपनी के द्वारा इस प्रकार के सामाजिक कार्य किए जाते रहे है।




## वन विभाग के द्वारा किया गया पौधरोपण कार्यक्रम में डॉ मयंक तोमर ने भी लिया हिस्सा

*नर्मदापुरम (निप्र)। जैव विविधता को समर्पित विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर हर तरफ पौधे लगाने का क्रम जारी रहा। वन विभाग के द्वारा भी पौधे लगाए गए। इस मौके पर वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के साथ पर्यावरण प्रेमी डॉ मयंक तोमर के साथ विभागीय कर्मचारी और अनेक लोग शामिल रहे।*

### नर्मदापुरम में स्वामित्व योजना का कार्य अंतिम चरण में, 790 गांवों का अधिकार अभिलेख तैयार

नर्मदापुरम (निप्र)। जिले में स्वामित्व योजना के तहत कुल 833 गांवों का अधिकार अभिलेख तैयार किया जाना है। योजना के अंतर्गत अब तक 790 गांवों का अंतिम प्रकाशन पूरा कर लिया गया है। शेष 43 गांवों में अधिकार अभिलेख निर्माण का कार्य प्रचलन में है। जिला प्रशासन द्वारा इन गांवों के कार्य की लगातार सतत निगरानी की जा रही है ताकि कार्य समय-सीमा में पूर्ण हो सके। इसी क्रम में तहसीलदार भू-संसाधन, जिला नर्मदापुरम डॉ. सुरेखा यादव ने ग्रामीण तहसील के अंतर्गत रायपुर गांव में चल रहे ग्राउंड ट्रूथिंग कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अमले से कार्य की प्रगति की जानकारी ली। डॉ. यादव ने अधिकारियों को ग्राउंड ट्रूथिंग के शेष कार्य को तीव्र गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## सैल में हुई किसान संघ की बैठक

डोलरिया (निप्र)। भारतीय किसान संघ तहसील डोलरिया की मासिक बैठक ग्राम सेल में संपन्न हुई। बैठक में समर्थन मूल्य गेहूं उपार्जन में कृषकों के लंबित भुगतान पर चर्चा हुई एवं उनसे बिल की फोटो कॉपी लेकर आगे अग्रेषित की गई। बैठक में समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी पर चर्चा हुई एवं आगे की रणनीति के लिए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देने के लिए सर्वसम्मति से निर्णय पारित किया गया। जिसमें पूर्ण उपज की खरीदी का प्रस्ताव पास किया गया।

## एनएसयूआई एवं कांग्रेस कमेटी ने किया पौधारोपण

नर्मदापुरम (निप्र)। विश्व पर्यावरण दिवस पर एनएसयूआई एवं नगर कांग्रेस कमेटी नर्मदापुरम् ने गाँधी स्तम्भ के पास पौधारोपण किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष नपा अनोखी राजोरिया पूर्व अध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी राकेश दुबे सौरभ राय नगर भारछाँस अध्यक्ष ऋतिक चौहान कालेज अध्यक्ष अभय सैनी हर्ष मलैया शिवम सैनी ईशान सार्थक उपदेश भारके राहुल संजय सरदार आयुष चौहान सहित अन्य कांग्रेस जन उपस्थित रहे इस अवसर पर नगर अध्यक्ष ऋतिक चौहान एवं कालेज अध्यक्ष अभय सैनी ने छात्रों से पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ का संदेश जन जन तक पहुंचाने की अपील की।

## विशेष चित्र पोस्टकार्ड तथा विशेष विरूपण मोहर का विधिवत विमोचन




नर्मदापुरम (निप्र)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नर्मदापुरम प्रधान डाकघर परिसर में भारतीय डाक विभाग, नर्मदापुरम संभाग द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं जन.जागरूकता के संदेश को जन.जन तक पहुँचाने हेतु विशेष चित्र पोस्टकार्ड तथा विशेष विरूपण मोहर का विधिवत विमोचन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ आर के चौकसे प्रचार्य नर्मदा महाविद्यालय रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पृथ्वी एवं प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने भारतीय डाक विभाग द्वारा चित्र पोस्टकार्ड एवं विशेष विरूपण मोहर के माध्यम से पर्यावरण जागरूकता फैलाने के इस अभिनव प्रयास की सराहना की। विश्व पर्यावरण दिवस प्रतिवर्ष 05 जून को पर्यावरण संरक्षण एवं जन.जागरूकता के उद्देश्य से मनाया जाता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में फिलाटेलिस्ट ललित पाठक उपस्थित रहे। ललित पाठक ने डाक टिकटों एवं विशेष आवरणों के माध्यम से सामाजिक एवं पर्यावरणीय संदेशों के प्रसार में फिलाटेली की महत्वपूर्ण भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए।इस अवसर पर जारी किए गए चित्र पोस्टकार्ड में नर्मदापुरम क्षेत्र की प्राकृतिक एवं जैव.विविधता से संबंधित आकर्षक चित्रों को स्थान दिया गया है, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति नागरिकों को प्रेरित करेंगे। विशेष विरूपण मोहर का उपयोग इस अवसर की स्मृति को चिरस्थायी बनाने हेतु किया जाएगा।कार्यक्रम में डाक विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं फिलाटेली प्रेमी उपस्थित रहे।

## श्रीराम जन्मभूमि परिसर के मां जगदंबा मंदिर पर ध्वजारोहण, दिव्य अनुष्ठान में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

नर्मदापुरम। अयोध्या। अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र परिसर में नव.प्रतिष्ठित मां भगवती जगदंबा मंदिर के शिखर पर पूर्ण विधि.विधान वैदिक मंत्रोच्चार एवं गुंजायमान शंखनाद के मध्य पवित्र ध्वज फहराया गया। यह अवसर श्रद्धालुओं एवं सनातन संस्कृति से जुड़े सभी लोगों के लिए अत्यंत सौभाग्यशाली एवं ऐतिहासिक रहा।श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूज्या साध्वी ऋतंभरा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में महासचिव श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र चम्पत राय ने संचालन की भूमिका निभाई। मुख्य अतिथि के रूप में कथावाचक साध्वी प्रज्ञा भारती एवं पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्रीए राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति एवं विश्व हिन्दू परिषद की केन्द्रीय मंत्री एवं महिला समन्वय की राष्ट्रीय संयोजिका मीनाक्षी पिश्वे भी उपस्थित रहीं। सनातन धर्म की रक्षा एवं सेवा के लिए संकल्पित दुर्गा वाहिनी एवं विश्व हिंदू परिषद की पदाधिकारी बहनों सहित देशभर से आए वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की सहभागिता ने कार्यक्रम को और अधिक दिव्य एवं स्मरणीय बना दिया। भाजपा जिला सह कार्यालय मंत्री एवं पूर्व प्रांत संयोजिका दुर्गा वाहिनी मध्य भारत प्रांत वंदना दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में मध्यक्षेत्र से पूर्व दुर्गावाहिनी क्षेत्रीय संयोजिका एवं भाजपा प्रदेश मंत्री सुश्री राजो मालवीय भी विशेष रूप से उपस्थित रही। मां भगवती मंदिर पर ध्वजारोहण का यह शुभ अवसर सनातन संस्कृतिए राष्ट्रभक्ति और आध्यात्मिक चेतना का प्रेरणादायी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में धर्मए संस्कार और भारतीय संस्कृति के प्रति आस्था को और अधिक मजबूत करते हैं।

## शक्ति केंद्र क्रमांक 01 पर हुआ पौधारोपण

नर्मदापुरम (निप्र)। विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ माँ नाम के नाम अभियान कार्यक्रम के तहत शक्ति केंद्र क्रमांक 01 पर पूर्व पार्षद तेज कुमार गौर जयबाला निगम अभिषेक सोनी गनेश कहार मुट्टा रमेश पचौरी लहरी बाबा ओजस सोनी कु काव्या सोनी ऋषि कहार भीम कहार गन्नू कहार सचिन शर्मा आदि ने बूथ नम्बर 61 पर पीपल का पौधा लगाया गया साथ में ट्री गार्ड भी लगाया गया एवं बूथ नम्बर 33 पर जामुन का पौधा लगाया साथ ही ट्री गार्ड भी लगाया गया। पूर्व तेज कुमार गौर ने सभी साथियों से अपने अपने क्षेत्र में तथा अपने परिजनों के साथ मिलकर एक पौधा लगाने का आश्वासन लिया।

## वृक्षारोपण कर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस, स्वच्छ गांव-सुरक्षित जलवायु का दिया संदेश



नर्मदापुरम (निप्र)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत नर्मदापुरम के निर्देशानुसार बनखेड़ी जनपद पंचायत प्रांगण में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वच्छ गांव सुरक्षित जलवायु अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में सामूहिक सहभागिता एवं जनभागीदारी से वृक्षारोपण किया गया। सभी को पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अशोक, बादाम, विद्या एवं पाम प्रजाति के कुल 12 पौधे रोपे गए। इस अवसर पर जनपद सीईओ रीना कुमारीया सहित समस्त जनपद स्टाफ उपस्थित रहा।

### नर्मदापुरम् केंद्रीय जेल का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया आकस्मिक निरीक्षण, 5 नए वी.सी. कक्षों का शुभारंभ

नर्मदापुरम (निप्र)। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती तृप्ति शर्मा ने शुक्रवार को केंद्रीय जेल नर्मदापुरम् का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल के खण्ड-अ एवं खण्ड-ब का विस्तृत जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान न्यायाधीश श्रीमती शर्मा ने बंदी वार्ड, पाकशाला, जेल में संचालित स्कूल एवं जेल उद्योग का सघन निरीक्षण किया। बंदियों से सीधी बातचीत कर उनके स्वास्थ्य, लंबित प्रकरणों और जेल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। महिला वार्ड के निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रदेश के प्रथम महिला स्वसहायता समूह की गतिविधियों पर महिला बंदियों से चर्चा की।खण्ड-ब में नवीन निर्मित 5 वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्षों का शुभारंभ भी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा किया गया। तथा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर न्यायाधीश श्रीमती शर्मा ने जेल परिसर में पौधा रोपण भी किया।जेल अधीक्षक संतोष सोलंकी ने निरीक्षण के दौरान बंदियों के लिए चलाए जा रहे सकारात्मक कार्यक्रमों एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। श्रीमती तृप्ति शर्मा ने जेल प्रशासन के प्रयासों एवं व्यवस्थाओं पर संतुष्टि व्यक्त की।

### हथवांस में स्वच्छ गाँव सुरक्षित जलवायु अभियान के तहत विश्व पर्यावरण दिवस पर किया गया वृक्षारोपण

नर्मदापुरम (निप्र)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्वच्छ गाँव सुरक्षित जलवायु अभियान के अंतर्गत ग्राम हथवांस स्थित सरदार पटेल खेल मैदान में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत द्वारा 25 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत पिपरिया की अध्यक्ष सुश्री संध्या सिंगारे, जनपद सदस्य नरसिंह रावत, आशुतोष पुरोहित, सरपंच श्रीमति प्रभा कोरी, उपसरपंच बाबू लाल मौर्य, ग्राम पंचायत के समस्त पंच, जनपद स्टाफ एवं पंचायत में कार्यरत समस्त विभागीय अमला उपस्थिति रहा।

# प्रकृति संरक्षण में छोटा से छोटा प्रयास भी समान रूप से महत्वपूर्ण : कलेक्टर सोमेश मिश्रा

## कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने किया पौधारोपण, बच्चों के साथ बनाए सीड बॉल




नर्मदापुरम (निप्र)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कलेक्टर सोमेश मिश्रा की उपस्थिति में हर्बल पार्क से पोस्ट ऑफिस (सावरकर) घाट तक ''जल चेतना परिक्रमा'' रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन एवं प्रकृति के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव, जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन, डीएफओ गौरव शर्मा, अपर कलेक्टर अनिल जैन, डिप्टी कलेक्टर डॉ बबीता राठौर, संभागीय समन्वयक जन अभियान परिषद कौशलेश तिवारी, सहित बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी, प्रबुद्ध जन एवं जिला अधिकारी गण उपस्थित रहे। रैली से पूर्व हर्बल पार्क परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सहभागिता करते हुए ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान अंतर्गत आम के वृक्ष का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन ने भी आम का पौधा लगाया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने स्कूली विद्यार्थियों के साथ मिलकर बादाम के वृक्ष का पौधारोपण भी किया। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि केवल वृक्ष लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसका संरक्षण करना भी हम सभी का दायित्व है। बच्चों ने भी पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। पौधारोपण के दौरान कलेक्टर बच्चों के साथ आत्मीय एवं हास्यपूर्ण संवाद करते हुए नजर आए, जिससे बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित पत्रकार बंधुओं के साथ भी पौधारोपण किया। उन्होने पत्रकार बंधुओं के साथ बादाम के वृक्ष का पौधा रोपित किया। पौधारोपण कार्यक्रम के पश्चात कलेक्टर श्री मिश्रा हर्बल पार्क से पोस्ट ऑफिस (सावरकर) घाट तक नर्मदा नदी के तटीय क्षेत्र से गुजरते हुए ''जल चेतना परिक्रमा'' रैली में सम्मिलित हुए। रैली के दौरान उन्होंने बच्चों के साथ मिलकर सीड बॉल भी तैयार किए। इन सीड बॉल को वर्षाकाल में चिन्हित क्षेत्रों में फैलाया जाएगा, जहां वर्षा जल के संपर्क में आने पर बीज स्वत: अंकुरित होकर पौधों के रूप में विकसित होंगे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, स्कूली विद्यार्थी एवं नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों के साथ मिलकर सीड बॉल निर्माण में सहभागिता कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पोस्ट ऑफिस घाट पर आयोजित ट्रांजिट वॉक एवं व्याख्यान कार्यक्रम में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### ई स्कूटर से पहुंचे कार्यक्रम स्थल तक



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से प्रेरित होकर नर्मदापुरम कलेक्टर भी विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हर्बल पार्क में आयोजित पौधारोपण एवं ट्रांसिट वॉक कार्यक्रम के दौरान अपने निवास से लेकर कार्यक्रम स्थल तक इलेक्ट्रिक स्कूटर को चलाते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचे। इसी के साथ उन्होंने दो पहिया वाहन चलाते समय नागरिकों को हेलमेट पहनने के लिए भी जागरूक किया तथा यातायात नियमों का पालन किए जाने का संदेश भी दिया।

पश्चिम मध्य रेल
विद्युत लोको शेड, इटारसी
विद्युत विभाग (टी.आर.एस.)
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
क्र. इटी/टीआरएस/डब्ल्यूसी/07/26-27, दिनांक 03.06.2026
वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (टी.आर.एस.), विद्युत लोको शेड, पश्चिम मध्य रेल, न्यू यार्ड, इटारसी, भारत के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक 30.06.2026 को 15.00 बजे तक ई-टेन्डर निम्नानुसार आमंत्रित करते है:- ई-निविदा क्रमांक: इटी/टीआरएस/डब्ल्यूसी/07/26-27. कार्य का नाम लोकेशन सहित: रिफिलिंग, टेस्टिंग, सर्विसिंग एंड रिपलेसमेंट ऑफ स्पेयर (इफ रिक्वार्ड) ऑफ फायॅर एस्टिंगयूशर ऑफ इलेक्ट्रिक लोको शेड, इटारसी। निविदा की अनुमानित लागत: ₹ 4,68,150/-. बयाना राशि: ₹ 9,400/-. कार्य पूर्ण करने की अवधि: 2 (दो) साल। ई-निविदा जमा करने की तिथि एवं समय: 30.06.2026 समय 15.00 बजे तक। नोट:- ई-निविदा प्रपत्र एवं ई-निविदा से संबंधित पूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

### तहसील माखननगर के 10 गांवों में स्वामित्व योजना से 2700 से अधिक परिवारों को मिलेगा डिजिटल संपत्ति अधिकार

नर्मदापुरम (निप्र)। स्वामित्व योजना के तहत तहसील माखननगर में आबादी भूमि के अधिकार अभिलेख निर्माण का कार्य तेज़ी से अंतिम चरण में पहुंच गया है। कलेक्टर एवं जिला सर्वेक्षण अधिकारी, नर्मदापुरम के सतत मार्गदर्शन में विगत एक माह के दौरान 10 ग्रामों के अभिलेख निर्माण में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। तहसीलदार एवं सहायक सर्वेक्षण अधिकारी महेंद्र चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि बीकोर, आंखमऊ, शिवपुर, बछवाड़ा, पाटनी, पावरखेड़ा, खारदा, मोहासा, चौराहेट और खरगावली इन 10 ग्रामों की आबादी भूमि के अधिकार अभिलेख का द्वितीय प्रकाशन कर दिया गया है। अभिलेख निर्माण का कार्य अब अंतिम चरण में है। इसके पूर्ण होते ही इन गांवों के 2700 से अधिक हितग्राहियों को डिजिटल अधिकार अभिलेख यानी प्रॉपर्टी कार्ड सौंपे जाएंगे। श्री चौहान ने बताया कि तहसील माखननगर में कुल 89 ग्रामों में स्वामित्व योजना के तहत अंतिम अधिकार अभिलेख का कार्य पहले ही पूरा किया जा चुका है।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com